ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 34, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 15

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 16



ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ध्यान साधना के दूसरे दिन तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। मोदी ने वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। एजेंसी

देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।

दुनिया को पछाड़ तेजी से दौड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।

इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। 4 जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।

- देश की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे ऊपर

भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है। एनएसओ के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 295.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 में यह 269.50 लाख करोड़ रुपये थी। यह 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है। बीती मार्च तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी 47.24 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 43.84 लाख करोड़ रुपये थी। यह 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं मार्च तिमाही में देश की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 9.9 प्रतिशत बढ़कर 78.28 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले यह 71.23 लाख करोड़ थी।

एक नजर

निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

नई दिल्ली। डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। डीजीसीए ने उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रचंड गर्मी का कहर

15 मतदान कर्मियों ने दम तोड़ा

मिर्जापुर में 13 व सोनभद्र में चुनाव ड्यूटी पर थे 2 कर्मचारी, प्रदेशभर में गईं 87 की जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात 13, सोनभद्र में तैनात 2 व रायबरेली में तैनात सब इंस्पेक्टर समेत अलग-अलग जिलों में 87 लोगों की गर्मी से मृत्यु हो गई है।

मिर्जापुर में लोस. चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान (गोंडा के दो, प्रयागराज, बस्ती, कौशांबी व मीरजापुर के एक-एक), तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी व होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। उप निरीक्षक हरिशंकर तो रायबरेली में इवीएम की सुरक्षा डयूटी में थे।

वहीं, हमीरपुर में 12, प्रतापगढ़ में दस, बांदा में सात, महोबा में सात, लखनऊ व बाराबंकी में 4-4, प्रयागराज में चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को नौ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर व संभल में एक की मौत हुई है।

वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

अमृत विचार : गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।

मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।

- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

यौन उत्पीड़न मामला

- जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

अमृत विचारः नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

लखीमपुर के थाना निघासन के गांव दरेरी निवासी घनश्याम गिरि पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वह गुरुवार देर शाम वापस घर जा रहे थे। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में तूफान के दौरान उनकी कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कार चला रहे घनश्याम गिरि की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबकर इंद्रपाल (60) की मौत हुई है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव इमलिया में ट्रक पर नीम का पेड़ गिर गया, जिससे उसके नीचे दबने से गांव निवासी विनोद कुमार (35) की मौत हो गई। कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के गांव विलासपुर में तूफान के दौरान पक्की दीवार भरभराकर ढह गई, जिसके उसके नीचे दबकर फूलमती (75) पत्नी शिवराम की मौत हो गई। हैदराबाद क्षेत्र के गांव बेलवा में दीवार में दबकर 36 वर्षीय विकास कुमार की जान चली गई। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रोशन नगर में एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर फखरुद्दीन (35), उनकी पत्नी नसीम बानो (30), पुत्र सलमान (5) और छह माह का अरमान गंभीर रूप से घायल हो दया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- लखीमपुर में पांच की मौत तो शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि ए++ ग्रेड पाने वाला देश का पहला कृषि विवि

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

- नैक द्वारा ग्रेड की जानकारी जारी करने के बाद विवि और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल

अमृत विचारः आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए ++ ग्रेड पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया। ग्रेड मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। ग्रेड के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए ++ ग्रेड मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विवि के कुलपति को बधाई दी। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अफसरों को दिया है। कहा कि नैक की तैयारी में प्रदेश की कुलाधिपति के मार्गदर्शन से यह अवसर आया है। सफलता में पूरे विश्वविद्यालय परिवार की परिश्रम और मेहनत शामिल है।

अब ऑनलाइन गवाही, न्यायालय जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इसे विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया

अमृत विचार : एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह किसी भी शहर, जिले, प्रदेश में हो, वह वहीं से वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू हो चुकी है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। इसके अलावा बयान देने के लिए लोग काम-धंधा छोड़ कर एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था की गई है कि आप अपने शहर में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ में बैठकर ही गवाही दे सकते हैं। प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही

इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।

कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। - **कुंवर विक्रम सिंह**, संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

एक नजर

संस्कृत विवि में प्रवेश काउंसिलिंग 3 से

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ कैंपस में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 3 जून से शुरू होगी। ये काउंसिलिंग 7 जून तक चलेगी। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून है। इस संबंध में अधिष्ठाता शैक्षणिक की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान की ओर से वायु सेना स्टेशन गोरखपुर में वार्षिक एयरोस्पेस सुरक्षा परिषद बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर एयर मार्शल आर जीके कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान ने इस परिषदीय बैठक की अध्यक्षता की।

योगी ने 61 दिनों में लगाया दोहरा शतक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजग प्रत्याशियों के लिए 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो किए

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मात्र 61 दिन के भीतर 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करने वाले योगी ने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए पसीना बहाया।

योगी अपने राज्य की वाराणसी संसदीय सीट से सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लखनऊ से सांसद-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने उप्र. के सभी 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ से लेकर मऊ तक कुल 29 चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की और उन्होंने कमोबेश हर कहीं योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। मोदी ने यहां तक कहा कि वाराणसी से सांसद होने के नाते योगी उनके भी मुख्यमंत्री हैं और योगी जैसा साथी मिलना उनके लिए गर्व की बात है।

अंतिम चरण : 144 में केवल 10 महिला प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर सीट पर सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के समर्थन में बेटी नुसरत
- केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल अपनी ही नहीं, पूरी पार्टी की प्रतिष्ठा के लिए लड़ रहीं चुनाव

अनुप्रिया पटेल | नुसरत अंसारी | काजल निषाद | रिंकी कौल | लीलावती राजभर

अमृत विचार: सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए 144 प्रत्याशियों में केवल 10 महिला प्रत्याशी मैदान हैं। हालांकि इनमें से कई ऐसी हैं जो अन्य महिलाओं के लिए मिसाल भी हैं और वे अपने घर-परिवार की प्रतिष्ठा के लिए चुनाव मैदान में उतरी हैं। सबसे ज्यादा घोसी सीट पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं।

इन महिला प्रत्याशियों में गाजीपुर सीट की प्रत्याशी नुसरत अंसारी सपा के लिए मददगार साबित हो रही हैं, उनके पिता व सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी स्पष्ट कर चुके हैं कि न्यायालय द्वारा उन्हें दंडित होने पर उनके चुनाव लड़ने पर संशय था, इसलिए बेटी नुसरत का नामांकन कराया था।

वहीं, राबर्ट्सगंज में एनडीए प्रत्याशी अपना दल (एस) की रिंकी कोल के साथ मौजूदा सांसद व उनके ससुर पकौड़ी लाल की प्रतिष्ठा दांव पर है। यही प्रत्याशी है, जिन्होंने अपने ससुर के साथ अनबन न हो जाए चुनाव लड़ने से ही इंकार कर दिया था।

इसके अलावा मिर्जापुर में एनडीए प्रत्याशी अपना दल की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, अपनी ही नहीं अपनी पूरी पार्टी की प्रतिष्ठा के लिए लड़ रही हैं। यह, राजा भैया के खिलाफ बयान देकर अपने लिए चुनौती खड़ी कर चुकी है।

घोसी सीट पर अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से रोली गुप्ता और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लीलावती राजभर व ज्योतिर्मा पाठक, एनडीए प्रत्याशी की मुश्किलें खड़ी करने का प्रयास कर रही हैं। गोरखपुर में काजल निषाद के साथ सपा की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। वह मुकाबला जीतने के लिए पूरे जतन से जुटी है। वह चुनाव प्रचार के दौरान बेहोश होकर गिर पड़ी थी जिसके बाद क्षेत्र ही नहीं प्रदेश भर में सहानुभूति मिल चुकी है।

निर्दलीय महिला प्रत्याशी भी दे रहीं चुनौती

बलिया में निर्दलीय नामांकन करने वालों में रंजना है, जिनका मुकाबला एनडीए प्रत्याशी नीरज शेखर व सपा के सनातन पाण्डेय से है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी के गृह जनपद गोरखपुर सीट पर अमिता भारती ने निर्दलीय नामांकन कर प्रमुख दलों के दिग्गज उम्मीदवारों को चुनौती दे रहीं है। वहीं, राबर्ट्गंज में जनहित संकल्प पार्टी से शुभांगी भी राजनीति में पैर जमाने को प्रयासरत हैं।

7वां चरण: मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

अंतिम चरण की निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

2 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

अमृत विचार, लखनऊ: अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी एफआईआर दर्ज करने का नहीं दे सकता आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- थाना प्रभारी के खिलाफ डीएम बलरामपुर ने दिया था आदेश

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा गैदास बुजुर्ग थाने के तत्कालीन प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिए जाने के मामले में इस बात से प्रथम दृष्टया असहमति जतायी है कि जिलाधिकारी को एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने का अधिकार है। इसी के साथ न्यायालय ने तत्कालीन थाना प्रभारी के खिलाफ पारित जिलाधिकारी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की खंडपीठ ने पवन कुमार कन्नौजिया की सेवा सम्बंधी याचिका पर पारित किया है। याची ने जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा 30 अप्रैल को उसके खिलाफ पारित आदेश को चुनौती दी है। इस आदेश में जिलाधिकारी ने याची के खिलाफ एफआईआर लिखने, विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि करने व अन्य सेवा सम्बंधी प्रतिकूल आदेश दिये थे। आदेश को चुनौती देते हुए याची की ओर से दलील दी गई कि जिलाधिकारी को इस प्रकार के आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार नहीं है लिहाजा उक्त आदेश निरस्त किए जाने योग्य है। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने यूपी पुलिस रेग्युलेशन्स के प्रावधानों का हवाला देते हुए दलील दी कि जिलाधिकारी का आदेश रेग्युलेशन 484 और 486 के प्रावधानों के अनुरूप है। हालांकि न्यायालय ने इससे प्रथम दृष्टया असहमति जताते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने नमन सिंह मामले में स्पष्ट किया है कि दंड प्रक्रिया संहिता में कार्यकारी मजिस्ट्रेट को ऐसी कोई शक्ति नहीं दी गई है।

आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का बनेगा आधार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। योगी ने शुक्रवार को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। योगी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के निर्माण और रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। इसलिए, पहले मतदान, फिर जलपान। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा देश की राजनीति के प्रति भी बहुत सजग है इस लिए वह अब जाति और धर्म की राजनीति का हिस्सा न बनकर देश हित में मतदान करता है।

अपने भविष्य को लेकर युवाओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इस बार बड़ी संख्या में नए बने मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सपा प्रमुख के अनुसार जिन लाखों युवाओं ने पहली बार मत डाला, उनके अपने भविष्य को लेकर चिंता वाजिब है। शुक्रवार को जारी एक संदेश में अखिलेश यादव ने भी युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा, वैसे इस बार के लोकसभा चुनाव में जहां कई युवा चेहरे लड़ाई में हैं, वहीं कई आकर्षण के केन्द्र में है वे जो विदेश से पढ़कर अपनों के चुनाव प्रचार में उतरे है। वहीं अंतिम चरण के मतदान से पहले अखिलेश ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों और पदाधिकारियों को एक खास संदेश दिया। अखिलेश यादव ने भाजपा के झूठ और उसके एग्जिट पोल के खिलाफ सतर्क रहने को कहा है।

भीषण गर्मी चुनाव कर्मियों के लिए बन गई काल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भीषण गर्मी चुनाव कर्मियों के लिए काल बन गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने कहा कि मिर्जापुर में मतदान स्थल पहुंचने से पूर्व ही चुनाव कर्मियों की मौत से राज्य सरकार की लापरवाही सामने आ गई है। राय शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। घटना पर रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते चुनाव कर्मियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर न तो चुनाव कर्मियों के रहने-खाने और न ही उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई उचित प्रबंध किया गया है। उनके आवगमन के लिए कोई भीषण गर्मी में कोई अनुकूल व्यवस्था नहीं की गई है। डॉ राय ने कहा कि भाजपा सरकार मृत कर्मियों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देकर उन्हें तत्काल राहत व उनके परिवार में किसी एक सदस्य को नौकरी देने का कार्य करे।

अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की मांग

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।

नोटिफिकेशन जारी करने के बाद बदले जीएनएम प्रवेश प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र.प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन ने की मांग

अमृत विचार: उप्र.प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन ने शासन द्वारा जीएनएम (डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) में दाखिले के लिए एकीकृत परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ आवाज बुलंद की है। एसोसिएशन ने उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी को विरोध में पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि बिना किसी सूचना के प्रक्रिया शुरू होने के मध्य में निर्णय लिया जाना अनुचित है। इसे तत्काल वापस लिया जाये और पूर्व की भांति दाखिले की प्रक्रिया जारी रखी जाये।

एसोसिएशन अध्यक्ष आर के बाजपेई ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों द्वारा जीएनएम में अचानक नियम बदलने से छात्रों का वर्ष व्यर्थ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि दाखिले की प्रक्रिया बदलनी है तो समय रहते नोटिफिकेशन जारी करें ।वहीं स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार का कहना है कि शिकायतों को शासन में भेजा जा रहा है, शासन के निर्देश मिलने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र. समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित
- ऊंचाहार की इकाई में शुक्रवार की सुबह आई खराबी

अमृत विचार: भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

29,129 मेगावाट की मांग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 29,129 मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड की गई। लगातार बिजली की मांग बढ़ने से एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है। पर स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं।

एमडी मध्यांचल ने किया 1912 का औचक निरीक्षण

अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने शुक्रवार को कस्टमर केयर सेंटर 1912 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें अधिशासी अभियंता को कॉल आपरेटर्स की बायोमैट्रिक हाजिरी लगाने का निर्देश दिया। इस बीच उन्होनें फील्ड के अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायत का समय और निस्तारण में लगने वाले समय को नोट करायें जाने के लिए निर्देशित किया। वही अधिशासी अभियंता परीक्षण ने चौक के मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया।

जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

पुलिस की छानबीन में सामने आया सच, अपराधियों पर लगातार हो रही है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

अमृत विचार: लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

658 गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

911 करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

दो एसीएस और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

सेवानिवृत्त आईपीएस राम यज्ञ को मोमेंटो देते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है।

नरेंद्र को अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

तीन आईपीएस सेवानिवृत, डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- टेबल टेनिस कॉम्पलेक्स में जिला स्तरीय प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप- 11:00 बजे।
- अलीगंज A1/9 सेक्टर बी में कला स्रोत आर्ट गैलरी की ओर से अशोक भौमिक की स्वर्णिम यात्रा आयोजन- 6:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नृत्य सोपान फाउंडेशन की ओर से नृत्य कार्यशाला- 6:30 बजे।

एक नजर

इंदौर व जोधपुर की तरह चौराहों पर लगवाएं टेंट

अमृत विचार, लखनऊ : इंदौर व जोधपुर की तरह शहर में नगर निगम प्रमुख चौराहों व सिग्नलों पर टेंट लगाएं। इससे लोगों को धूप व लू से राहत मिलेगी। यह सुझाव शुक्रवार को नगर के जावेद आदिल (एडवोकेट) ने महापौर सुषमा खरकवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन देकर दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्वयंसेवी संस्था का भी सहयोग लिया जा सकता है।

पेंशन अदालत 8 को

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल डिस्काम के पेंशनरों की समस्या के निस्तारण के लिए 8 जून को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेवानिवृत्त हो चुके सभी कमर्चारी और उनके परिजनों की पेंशन संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जायेगा

रेलवे चिकित्सालयों में हुई स्वास्थ्य गोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के बादशाह नगर रेलवे चिकित्सालय व ऐशबाग रेलवे पॉली क्लीनिक में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएन चौधरी के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. बीएन चौधरी ने लोगों को तंबाकू के इस्तेमाल से शरीर में होने वाली हानि और उससे होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी।

गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस के फेरे बढ़े

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल से होकर गुजरने वाली ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के संचालन में फेरे बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि गोरखपुर जं-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (संख्या-05325) 31 मई तक रोजाना चल रही थी, अब 9 जून तक इसका संचालन होगा। वापसी में लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर जंक्शन ग्रीष्मकालीन स्पेशल (संख्या 05326) 2 जून तक चलाई जानी थी, इसका संचालन अब 11 जून तक बढ़ा दिया गया है।

तापमान 45.8 डिग्री, चार लोगों की जान गई, छात्रा बेहोश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- परीक्षा देने जा रही थी कृषि स्नातक की छात्रा
- मृतकों में दो की पहचान नहीं हो पाई, शव मोर्च्युरी में रखवाए गए

अमृत विचार: राजधानी का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 46 डिग्री के करीब पहुंच गया। गर्मी के कारण इंटौजा में दो, बीकेटी थाना क्षेत्र और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एक-एक व्यक्ति की जान चली गई।चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा अचेत होकर गिर पड़ी। अधिकतम तापमान 45.8 और न्यूनतम 29.3 डिग्री दर्ज किया गया।

नगर पंचायत इटौंजा के वार्ड नंबर एक निवासी दिनेश (45) की ओवरब्रिज के पास पेंटिंग की दुकान है। शुक्रवार दोपहर एक ट्रैक्टर-टॉली पर पेंटिंग करने के बाद घर पहुंचे। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, हालत गंभीर देख डॉक्टर ने रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल बीकेटी भेज दिया। वहां इलाज के दौरान दिनेश की मौत हो गई। परिजन ने गर्मी में बीमार होने के कारण मौत होने की आंशका जताई है। वह पोस्टमार्टम कराए बगैर ही शव को घर लेकर चले गए। इटौंजा की विजय लक्ष्मी (58) की हालत भी दोपहर में बिगड़ गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। परिजन ने हार्ट की मरीज होने और गर्मी से मौत होने की आशंका जताई है।

अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

बीकेटी थाना क्षेत्र के भैंसामऊ पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात युवक (35) बेहोशी की हालत में पड़ा था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे शाढ़ामऊ के सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया हीट स्ट्रोक से मौत होने की आशंका है। पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के पीछे ग्रीन सिटी में भी एक अज्ञात युवक का शव मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शव को मोर्च्युरी भेजा। प्रत्यक्षदर्शी गर्मी से मौत होने की आशंका जता रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट होगा।

उधर, बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी कृषि छठवें सेमेस्टर की छात्रा शालिनी सिंह परीक्षा देने जा रही थी। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हीट वेव के कारण छात्रा कॉलेज गेट पर अचेत होकर गिर गई। महाविद्यालय प्रशासन और छात्रों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से सौ शैय्या हॉस्पिटल को रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार होने पर छात्रा को घर भेज दिया गया।

आग पर काबू के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

सूरज की तपिश और लू से बेहाल होकर लोग चक्कर खाकर गिर पड़ रहे हैं। आग लगने की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। आग पर काबू पाने के लिए मंडलायुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम सप्ताह के सभी दिन 24 घंटे संचालित रहेगा। आग लगने पर कंट्रोल रूम नंबर -0522-2613510 पर सूचना देने की अपील की गई है।

गोवंशों को हीट वेव से बचाने को करें निगरानी

लखनऊ : गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए गोशालाओं की दिन-रात निगरानी करें। गोवंशों को छायादार स्थान पर रखें। आग की घटना रोकने के इंतजाम करें और फायर स्टेशन के नंबर दर्ज कराएं। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को दिए। सीडीओ ने कहा कि गोवंशों को गर्मी व लू से बचाने के लिए गोशालाओं में टीनशेड, तिरपाल, टाटपट्टी, बोरे आदि लगाएं। बराबर पानी का छिड़काव भी करवाएं। गोवंशों को ताजा पानी ही पिलाया जाए। बीमार गोवंश को अलग छायादार जगह पर रखें और रात में चौकीदार लगाकर निगरानी कराएं।

अनुरक्षण पर 225 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिल रही बिजली

गर्मी और लोड बढ़ने पर उड़ रहे पेटी फ्यूज, जंफर व फुंक रहे हैं ट्रांसफार्मर

नीरज अभिषेक, लखनऊ

- फाल्ट होने से ज्यादातर इलाकों में घंटों गुल रहती है बिजली
- भीषण गर्मी में कटौती से परेशान उपभोक्ता कर रहे प्रदर्शन

अमृत विचार: बिजली विभाग ने निर्बाध आपूर्ति के लिए आरडीएसएस योजना से बिजली लाइनों से उपकेंद्रों तक की मरम्मत पर 225 करोड़ रुपये खर्च किए। छह महीने चले कार्य में दो हजार से ज्यादा कर्मचारी लगाए गए। 1250 ट्रांसफार्मर बदले गए, लेकिन तापमान बढ़ते ही व्यवस्था धड़ाम हो गई। लोड बढ़ने पर फाल्ट होने के साथ ट्रांसफार्मर भी फूंकने लगे हैं। घंटों की बिजली कटौती से परेशान लोग उपकेंद्रों से लेकर सड़क तक प्रदर्शन कर रहे हैं। कई दिन अलग-अलग क्षेत्रों में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद भी आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ। इस लापरवाही से प्रदर्शन अब हिंसात्मक होने लगा है।

आरडीएसएस योजना से सभी क्षेत्र में पोल से लेकर पुराने तार तक बदले गए थे। जंफर और पेटीफ्यूज भी नए लगाए गए थे। मेन लाइन में खराबी न आए इसके लिए 33 केवी अंडरग्राउंड केबल भी नए डाले गए थे। गर्मी में 24 घंटे आपूर्ति के लिए नए ट्रांसफार्मर भी स्टोर किए गए थे। पुराने उपकरणों की मरम्मत करके आकस्मिक स्थित के लिए रखा गया था। इतनी कवायद के बाद भी अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट, ट्रांसफार्मर फुंकने और जंफर जलने के कारण करीब हर इलाके में तीन से चार घंटे तक कटौती की जा रही है। हालत यह है कि जलने के बाद टांसफार्मर बदलने में कई घंटे लग रहे हैं। घंटों बिजली गुल रहने से बवाल हो रहे हैं।

अनुरक्षण कार्य पर किस क्षेत्र में कितना खर्च

ट्रांसगोमती क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये से मरम्मत कार्य पर खर्च किए गए। इसी तरह सिस गोमती के इलाकों में मरम्मत पर 125 करोड़ खर्च किए गए।

1250 ट्रांसफार बदले गए थे

शहर के 28 लाख से ज्यादा आबादी में लोड को देखते हुए अनुरक्षण कार्य कराया गया था। 350 से ज्यादा पॉवर और 900 कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर बदले गए थे। इसमें 1000 से 63 केवी तक के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इसके अलावा एबीसी केबल, अंडरग्राउंड लाइन बदली गई और खंभों के ऊपर पेड़ों की कटाई-छटाई कराई गई थी।

इन इलाकों में सबसे ज्यादा कटौती

वैसे तो बिजली कटौती से पूरा शहर परेशान है, लेकिन नादरगंज, सरोजनीनगर, राजाजीपुरम, चौक, आशियाना, अमीनाबाद, मोती नगर, उतरेठिया और बीकेटी में सबसे ज्यादा कटौती हो रही है। इससे इन क्षेत्रों में हर रोज बवाल हो रहे हैं। यहियागंज, हुसैनगंज, ऐशबाग, कैंपबेल, चौपटिया, अपट्रान, आलमबाग, अमौसी, तेलीबाग, कैंट, सदर, वृंदावन, फैजुल्लागंज, विकास नगर, जानकीपुरम, गुडंबा, इंद्रिरानगर, चिनहट, लाटूश रोड़ क्षेत्र में उपकेंद्रों का घेराव किया जा रहा है।

बिजली कर्मियों की भी कमी

बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पर्याप्त अधिकारी और कर्मचारी नहीं हैं। 100 एसडीओ और 200 जेई की तैनाती है जबकि 50 एसडीओ और 150 के पद रिक्त हैं। इसी तरह लाइन मैन से लेकर अन्य कर्मचारी तक के लगभग 10 हजार पद हैं, लेकिन 5500 से ही काम चलाया जा रहा है।

बिजली सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्र में काफी काम किया गया। लेकिन तापमान के बढते ही ट्रांसफार्मर के जलने और केबल फॉल्ट के मामलें में तेजी आ गई। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति देने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है।

-रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता सिस गोमती

लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज में भर्तियों का विज्ञापन निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ में जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, अब्स्टेट्रिक्स एंड गॉयनेकोलॉजी, फिजियॉलॉजी, नेफ्रोलॉजी व बॉयोकेमेस्ट्री विभागों के लिए प्रोफेसर्स की भर्ती सम्बंधी 1 दिसम्बर 2023 के विज्ञापन को निरस्त कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने डॉ. संजय कुमार भट व पांच अन्य याचियों की याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि उक्त विज्ञापन के जारी किए जाने से पूर्व आरक्षण की प्रक्रिया ही नहीं लागू की गई। याचियों की ओर से यह भी दलील दी गई कि रोस्टर इस तरह से बनाया गया है कि वे स्वयं आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। यह भी कहा गया कि क्रिटिकल कोर यूनिट में अढॉक के टीचर से काम चलाया जा रहा है। मामले में 6 फरवरी को ही आदेश पारित करते हुए, न्यायालय ने भर्तियों को अपने अंतिम आदेशों के आधीन कर लिया था।

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह। अमृत विचार

मकान की जगह धार्मिक स्थल का सर्वे कर बढ़ा दिया गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिविर में आईं सभी 258 शिकायतों का हुआ निराकरण

अमृत विचार : नगर में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से भवनों के सर्वे में बहुत गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। गृहकर बढ़ाना तो आम बात है, मकान की जगह पड़ोस में बने धार्मिक स्थल का सर्वे कर 33 गुना से अधिक गृहकर बढ़ाकर नोटिस भेज दिया गया। शुक्रवार को समाधान दिवस में गृहस्वामी समस्या लेकर पहुंचा। अधिकारियों ने मौके पर कागजों आदि की जांच पड़ताल कर गृहकर दो हजार रुपये किया। शिविर में आई सभी 258 शिकायतों का समाधान कर दिया गया।

समाधान दिवस में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जीआईएस सर्वे में गलत गृहकर मूल्यांकन की शिकायतें सुनीं। अमीनाबाद से आए मोहम्मद फरीद ने बताया कि पुस्तैनी मकान का गृहकर 300 रुपये वार्षिक जमा करते हैं। उनके घर के बगल में धार्मिक स्थल है। पिछले वर्ष जीआईएस टीम ने मकान की बजाय धार्मिक स्थल का सर्वे कर 10 हजार रुपये गृहकर लगा दिया। फोटो, लोकेशन देखने पर फरीद को गड़बड़ी की जानकारी हुई। फरीद के प्रार्थनापत्र और कागजों को देखने के बाद उनका गृहकर दो हजार रुपये कर दिया गया।

नैपियर रोड ठाकुरगंज से आए अरुणेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष दो हजार रुपये गृहकर जमा करते हैं। जीआईएस सर्वे में 29,525 रुपये गृहकर लगा दिया। अरुणेश का गृहकर भी सुधार कर 10,800 रुपये किया गया। अरुणेश का कहना था कि यह राशि भी अधिक है। राजाजीपुरम से आए रमाकांत ने बताया कि पिता स्व. श्यामलाल राम के नाम मकान है। वार्षिक गृहकर 7,938 रुपये जमा करते हैं। जीआईएस सर्वे में गृहकर 26,235 रुपये कर दिया। अधिकारियों ने संशोधन कर 9072 रुपये गृहकर कर दिया। लक्ष्मण मेला निवासी अनिल बंसल ने बताया कि उनका गृहण 219 रुपये वार्षिक से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया गया। कागज देखकर अधिकारियों ने अनिल का गृहकर 243 रुपये कर दिया।

इनका हुआ निस्तारण

जोन एक में मुमताज का गृहकर 20,838 से 11,610, परवीन का 27,540 से 15,912 रुपये किया गया। इसी तरह जोन-दो में ओम प्रकाश का गृहकर 14,580 रुपये से 8,608 व गीता रस्तोगी का 15,300 से 12,960 रुपये और जोन-तीन में राम चंद्रा उर्फ मुन्ना, त्रिवेणी नगर का 29,040 से 17,100 व महानगर सेक्टर- ए के हरविन्दर सिंह का 66,096 से 39,690 रुपये किया गया। जोन-पांच में मुकेश कुमार का 15,810 से 10,800, शिव दयाल गुप्ता का 16,920 से 10,800, जोन-छह में साधना सिंह, आलमनगर का 7,920 से 5,040, राजलक्ष्मी आलम नगर, का 7,920 से 5,040, जोन-सात में त्रिभुगी नारायण का 13,230, यूवी सिंह सी ब्लाक इंदिरा नगर का 6,732 से 17,829, जोन-8 में दिनेश कुमार का 27,000 से गृहकर 20,250 रुपये, राधिका देवी का 23,400 से 17,876 रुपये गृहकर किया गया।

ओएचई लाइन टूटी, पांच घंटे तक खड़ी रहीं चार ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेल यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की तब पहुंचे रेलवे के कर्मचारी
- पेड़ों को काटकर ओएचई लाइन जोड़ सामान्य कराया यातायात

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार रात करीब 8:30 बजे पेड़ गिरने से ओएचई (ओवर हेड इक्यूपमेंट) लाइन टूट गई। इससे चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर खड़ी करनी पड़ीं।

घंटों रेल संचालन बाधित होने पर यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की। आनन-फानन रेल कर्मी रात में मौके पर पहुंचे और पेड़ को हटाकर ओएचई लाइन जोड़ी गई। जिसके बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हुआ। पेड़ गिरने से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच घंटे लेट पहुंचीं। ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

गुइन रोड़ पर पड़ा एबीसी केबल। अमृत विचार

अधिक तापमान, ओवरलोड से गल गया एबीसी केबल

अमृत विचार : अधिक तापमान और ओवरलोड के कारण सिस गोमती के गुइयन रोड़ पर एबीसी केबल गलकर गिर गया। इससे सिटी स्टेशन गोलागंज, जाऊलापुर, मौलवीगंज के सटिया क्लीनिक और आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति करीब 12 घंटे तक बाधित रही। इसके अलावा टेढ़ी पुलिया, आदिल नगर में चार घंटे और गोमती नगर विस्तार में 3 घंटे से ज्यादा बिजली बाधित रही। नटकुर गांव में नहर पर लगे ट्रांसफार्मर का एक फेस जलने से आसपास के इलाकों में रात 10 बजे से सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। लोगों ने जेई, एसडीओ को कई बार फोन पर शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। राजाजीपुरम के बी-ब्लॉक में दिनभर बिजली की आवाजाही बनी रही। जानकीपुरम इंजीनियरिंग और जीवीआरए के सरस्वतीपुरम में लो- वोल्टज से उपभोक्ता परेशान रहे।

लापरवाही | कार्यदायी संस्था ने 12 स्थानों पर लगाए थे एटीएम, कुछ दिन बाद समेट ले गए सेटअप

कमीशनबाजी में फिरा वाटर एटीएम योजना पर पानी

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: शहर के लोगों को महज पांच रुपये प्रति लीटर में आरओ का शुद्ध पानी मुहैया के लिए शुरू की गई वाटर एटीएम योजना पर कमीशनबाजी ने पानी फेर दिया।

नगर निगम से करार के बाद कार्यदायी संस्था ने 12 स्थानों पर एटीएम लगाकर शुरू भी कर दिए थे, लेकिन कमीशन के चक्कर में भुगतान फंस गया तो कंपनी ने अपना सेटअप समेट लिया। कई जगह लगे वाटर एटीएम कबाड़ होकर धूल खा रहे हैं योजना को फिर से शुरू कराने की कवायद अधिकारियों ने नहीं की।

वर्ष 2016 में वाटर एटीएम योजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य लोगों को सस्ता और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। जोर शोर से शुरू की गई इस योजना में शहर के प्रमुख 50 स्थानों पर वाटर एटीएम लगाने का काम डिसेंट्रिक कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। वर्ष 2017 में कंपनी ने 12 चौराहे और स्थल चिह्नित किए। इसमें जनेश्वर मिश्र पार्क, लोहिया पार्क चौराहा, 1090 चौराहा, वीवीआईपी गेस्ट हाउस, बड़ा इमामबाड़, हजरतगंज मल्टी लेवल पार्किंग पर एटीएम लगा दिए गए। इसी बीच कंपनी और नगर निगम के बीच भुगतान को लेकर विवाद हो गया। करीब दो वर्ष तक विवाद चलता रहा। भुगतान न पर कंपनी ने एटीएम से पानी की आपूर्ति रोक दी। इसके साथ ही सेटअप समेटकर कानपुर और बनारस में शिफ्ट कर दिया। दोनों शहरों में एटीएम से पानी उपलब्ध कराने की योजना सफल रही और अभी भी संचालित है। लखनऊ में लगी मशीनें कबाड़ होकर धूल खा रही हैं।

वीवीआईपी गेस्ट हाउस पर कबाड़ पड़ा वाटर एटीएम।

- शहर के लोगों को पांच रुपये लीटर में शुद्ध पानी उपलब्ध कराना था योजना का उद्देश्य

दो रुपये में एक ग्लास पानी

पानी के मूल्य को लेकर नगर निगम और कंपनी के बीच करार हुआ था। इसके अनुसार कंपनी को दो रुपये में 250 मिली यानी एक ग्लास और पांच रुपये में एक लीटर पानी उपलब्ध कराना था। नियमित उपभोक्ताओं को महीने भर के पानी के लिए शुल्क जमा कर कार्ड भी कंपनी को देना था। कार्ड लगाकर मशीन से जितना पानी लेते उतना पैसा कट जाता। इस महत्वाकांक्षी योजना का तत्कालीन नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने शुभारंभ किया था, लेकिन कमीशनबाजी में उलझकर योजना ठप हो गई।

स्मार्ट सिटी में पेयजल संकट दूर करना था

वाटर एटीएम योजना लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने की कड़ी का हिस्सा थी। माना जा रहा था कि वाटर एटीएम लगने के बाद लोगों को बोतल बंद पानी खरीदकर पीने से राहत मिलेगी। कम पैसे में लोग बोतल भर पानी ले सकेंगे। दूसरे योजना सफल होने पर बिना मानक के पैकेजिंग कर हो रही पानी की कालाबाजारी भी रुकेगी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह का कहना है कि योजना काफी पुरानी थी। कंपनी ने खुद काम पूरा नही किया था। इसके लिए नगर निगम से कोई भुगतान नही किया गया था।

विधायक ने वाटर एटीएम से पिया पानी, बदबू आने पर कराई जांच

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- अस्पतालों, तहसील और थाने पर लगे वाटर एटीएम की हकीकत देखी
- खराबी मिलने पर अधिकारियों से जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

अमृत विचार : विधायक योगेश शुक्ला ने नगर पंचायत की तरफ से सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए वॉटर एटीएम की हकीकत परखी। कहीं टोटी गायब थी तो कहीं एटीएम खराब मिले। तहसील परिसर में ठीक कराए गए वॉटर एटीएम का पानी पिया तो उसमें बदबू आ रही थी। विधायक ने जांच कराई तो पानी की गुणवत्ता खराब पाई गई।

विधायक शुक्रवार को सीएचसी इंदौराबाग पहुंचे। उन्हें 10 लाख रुपये से अधिक लागत से लगाया गया वॉटर एटीएम बंद मिला। उसकी टोटियां गायब थी। इसके बाद उन्होंने तहसील परिसर का वॉटर एटीएम देखा। अधिवक्ताओं ने बताया कि ये एटीएम एक वर्ष से बंद था, सुबह ही चालू कराया गया था। विधायक ने पानी पिया तो उससे बदबू आई। उन्होंने पानी की जांच करवाई, तो गुणवत्ता खराब निकली। शाढ़ामऊ स्थित 100 शैया अस्पताल का वॉटर एटीएम भी कबाड़ हालत में मिला। अस्पताल आए लोग पानी के लिए भटकते दिखे। बख्शी का तालाब थाना परिसर का वॉटर एटीएम चालू मिला। जिसे पुलिसकर्मियों ने चालू कराया था। विधायक ने लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग पर अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने वॉटर एटीएम ठीक करने के निर्देश दिए।

बंद वाटर एटीएम के बारे में जानकारी लेते विधायक योगेश शुक्ला। अमृत विचार

एक नजर

नगर निगम डिग्री कॉलेज में बढ़ी आवेदन की तिथि

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तिथि 31 मई तय की गई थी। आवेदन फार्म वेबसाइट www.abvnndc.in पर जाकर ऑनलाइन भरा जा सकता है। आवेदन फार्म शुल्क 200 रुपये है। ये जानकारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय ने दी है। उन्होंने बताया कि यहां बीए और बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन किया जा सकता है।

पुनर्वास विश्वविद्यालय में शुरू होंगे डिजाइन कोर्स

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में एमटेक स्तर पर सेमी कंडक्टर टेक्नोलॉजी और वीएल एसआई डिजाइन कोर्स की शुरुआत होगी। वहीं आगामी सत्र से स्नातक स्तर पर बीएससी पाठ्यक्रम को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ शुरू किया जायेगा। इसके साथ ही स्टीफन हॉकिंग सेंटर ऑफ नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी बनेगा। परिष्कृत उपकरण केंद्र की भी स्थापना होगी। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि यह सभी कोर्स भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा विभाग एमएससी फिजिक्स विभाग स्पेस फिजिक्स और नैनो मैटेरियल के कोर्स भी शुरू करेगा। पदार्थ विज्ञान में एमएससी पीएचडी ड्यूल डिग्री प्रोग्राम संचालित करेगा।

स्नातक और परास्नातक में प्रवेश से चूके छात्रों को एक और मौका

लविवि ने बढ़ाई आवेदन तिथि, इस वर्ष भी लागू रहेगी केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत स्नातक (यूजी), स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम, परास्नातक (पीजी) व परास्नातक प्रबंधन (पीजी मैनेजमेंट) पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। इसमें बीपीएड, एपीएड, एमएड, बैचलर आफ लाइब्रेरी सांइस और मास्टर आफ लाइब्रेरी सांइस पाठयक्रम भी शामिल हैं।

आवेदन करने के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की वेसबाइट पर जाना होगा। जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना है, उन्हें लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा, तभी प्रवेश फॉर्म भरा जा सकेगा। यही रजिस्ट्रेशन नंबर संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अनिवार्य होगा।

अभ्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी देख सकते हैं। स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4,250 सीटों पर प्रवेश पूरी की जायेगी। इसमें जो महाविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे। उनके सीटों पर भी प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। पूरी प्रक्रिया पिछले वर्ष की तरह ही रहेगी।

केन्द्रीयकृत प्रवेश के लिए कॉलेजों से मांगा ब्योरा

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों जो केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली में शामिल होना चाहते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से उनसे फीस के साथ पाठ्यक्रमों का ब्योरा मांगा गया है। जिसमें लखनऊ के साथ-साथ हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, व रायबरेली के महाविद्यालय भी शामिल हैं। इस बारे में विवि के कुलसचिव ने बताया कि केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम के लिए पाठ्यक्रमों के विवरण सम्बन्धित सहभागिता शुल्क आरटीजीएस के माध्यम से जमा कर पाठ्यक्रमों के विवरण निर्धारित प्रारूप को ई-मेल पर 30 सिंतबर तक हर हाल में उपलब्ध कराना होगा।

इस तरह से निर्धारित हैं सीटें

बीए 1350 सीटें, बीएससी (बायो) 280 सीटें, बीएससी (गणित) 470 सीटें, बीकॉम (ऑनर्स) 180 सीटें, बीकॉम (एनईपी) 4 वर्षीय कार्यक्रम 450 सीटें, बीकॉम (एसएफ) (एनईपी) 4 वर्षीय कार्यक्रम 240 सीटें, एलएलबी (एकीकृत पांच वर्ष) 160 सीटें, बीसीए 120 सीटें, बीबीए 300 सीटें, बीबीए (पर्यटन) 60 सीटें, डी फार्मा 60 सीटें, बीए बीएससी योग 60 सीटें, बीवोक (नवीकरणीय ऊर्जा) 25 सीटें, शास्त्री दृश्य कला स्नातक (पेंटिंग नियमित) 18 सीटें, (सेल्फ फाइनेंस) 14 सीटें, दृश्य कला स्नातक (एप्लाइड आर्ट) एप्लाइड आर्ट (नियमित) 18 सीटें, एप्लाइड आर्ट (सेल्फ फाइनेंस) 14 सीटें, दृश्य कला (मूर्तिकला) में स्नातक मूर्तिकला (नियमित) 14 सीटें, मूर्तिकला (स्व वित्त) 5 बीएफए टेक्सल डिजाइन में टेक्सल डिजाइन (सेल्फ फाइनेंस) 10 सीटें निर्धारित हैं।

यह है ऑनलाइन आवेदन फॉर्म फीस

परास्नातक पाठ्यक्रमों, एलएलएम और एलएलबी

सामान्य, ओबीसी : 1000 रुपये

एससी- एसटी, दिव्यांग : 500 रुपये

पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम : एमबीए, एमटीटीएम, एमएड, एमपीएड व बीपीएड

सामान्य, ओबीसी : 1600 रुपये

एससी- एसटी, दिव्यांग : 800 रुपये

आवेदकों को इन बातों का रखना होगा ध्यान

- फार्म भरने के पूर्व एडमिशन ब्रॉशर जरूर पढ़ें
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केवी अंदर हो
- हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केवी अंदर हो
- आरक्षण के लाभ के लिए प्रमाणपत्र की कॉपी 50 केवी

नेत्रों को स्वस्थ रखने के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग में नेत्र शक्ति विकासक क्रिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता व योग प्रशिक्षक विवेक सिंह चौहान ने बताया कि नेत्र शक्ति विकासक क्रिया करने के लिए फर्श, कुर्सी, सोफा या बिस्तर पर सीधे बैठें। दोनों हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाकर मुट्ठियां बना लें, अंगूठे को ऊपर की ओर रखें। 10-15 सेकंड तक नजरें झुकाकर दाहिने हाथ के अंगूठे पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी गर्दन सीधी रखें, 10 से 15 सेकंड रुकने के बाद अपनी नजरों को बाएं हाथ के अंगूठे पर ले जाएं। धीरे-धीरे अपनी आंखों को दायीं और बायीं ओर घुमाना शुरू करें गतिविधि को दोहराएं।

इस प्रक्रिया को छह बार दोहराएं करें। उन्होंने बताया कि नेत्र शक्ति विकासक क्रिया करने के बाद, अपनी आंखें बंद करें, आंखों मांसपेशियों को आराम दें और फिर बदलाव महसूस होगा। इस क्रिया के अभ्यास द्वारा आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बनती है, दृष्टि में सुधार आता है, आंखों में सूखापन और कमजोरी और थकान दूर करती है। इसके अतिरिक्त नेत्रों की ज्योति बढ़ाने के लिए त्राटक, कपालभाति एवं भास्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास भी किया जाता है।

आखों में कम होगा सूखापन और कमजोरी

अमृत विचार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725645 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच**

सूचना

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725615 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **लक्ष्मी यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा बीएड वर्ष 2006 रोल नं0 6311089 का अंकपत्र कहीं गिर गया है। **सुनीता पुत्री मुलायम सिंह पता- नगला विहारी, पोस्ट सलेमपुर सौरिख, कन्नौज**

शीघ्र चाहिए

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद पाठक निवासी गायत्रीपुरम सिविल लाइन्स, गोंडा, उत्तरप्रदेश 271001 है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र आकर्ष कुमार के विद्यालय दस्तावेजों में उसका नाम त्रुटिवश आकर्ष कुमार मौर्या एवं मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आकर्ष कुमार तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसका व मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे माता जी शशिबाला यादव पत्नी स्व. श्याम नारायण यादव के नाम एक प्लाट के बैनामा स्टाम्प जो की सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर बलरामपुर मे बही संख्या 1 जिल्द संख्या 810 पृष्ठ संख्या 130 से 131 पर क्रमांक 1285 दिनांक 26.07.1971 पर दर्ज है, जो कि कहीं खो गया है। **अनुराग यादव पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव, मो. तुलसीपार्क, तहसील व जनपद बलरामपुर**

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा

खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./08/2024 दि. 29.05.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :-

क्रम सं. 01, कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल में बिलासपुर स्टेशन पर रेक हैण्डलिंग प्लेटफार्म से सम्बंधित विद्युतीय कार्य तथा बाजपुर स्टेशन पर गुडस शेड प्लेटफार्म का विकास, वाटरबूथ, मर्चेण्ट रूम यूज विद कन्टेनर, 2 नग पी.पी. शेल्टर फोर लेबर 02 हाई मास्ट, टायलेट एण्ड बाथरूम से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत रू. में : 35,79,224.16, धरोहर राशि रू. में: 71,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में : शून्य।

क्रम सं. 02, कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल में बनवसा स्टेशन पर रेक हैण्डलिंग प्लेटफार्म बाई यूजिंग पीएससी लाईन स्लीपर और अन्य कार्य से सम्बंधित विद्युतीय कार्य तथा बितरोई स्टेशन (सीएसएल-750 मीटर) पर गुडस शेड का विकास/अपग्रेडेशन से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत रू. में : 41,35,436.20, धरोहर राशि रू. में: 82,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में : शून्य।

क्रम सं. 03, कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल में विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमेटिक पावर फैक्टर कन्ट्रोल पैनल (ए.पी.एफ.सी.) का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत रू. में : 13,95,460.00, धरोहर राशि रू. में: 28,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में : शून्य।

क्रम सं0 1 से 3 के लिए :- ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 28.06.2024 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : चार माह।

- इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास - III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर

मुजाधि/विद्युत – 54

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

समर कैंप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी होने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते एसआर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, साथ में वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान।

समर कैंप में दिखा बच्चों का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बख्शी का तालाब स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल में नौ दिवसीय समर कैंप में बच्चों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

बच्चों ने इस दौरान हैन्डीक्रॉफ्ट, पेटिंग एंड पॉयटरी, डांस, म्जूजिक, बॉस्केटबॉल, बॉलीबॉल, फुटवॉल, चेस, कैरम, टेबलटेनिस, योगा, जुम्बा, एरोबिक्स, स्वीमिंग एंड साइंस एक्सपलोरेशन प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें मुख्त रूप से स्विमिंग एक्टीविटी आकर्षण का केन्द्र रही।

नृत्य, संगीत तथा विभिन्न खेलकूद में भाग लेकर छात्र-छात्राओं ने अपनी क्षमताओं का दक्षता से प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मेंहदी एवं पपेट बनाकर अपनी निपुणता का परिचय दिया। इस कैंप में लगभग 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया।

पीएमश्री विद्यालयों के लिए बजट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को पीएमश्री के लिए चुना गया है, उन विद्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया गया है। पीएमश्री योजना में एक स्कूल को दो करोड़ रुपये का बजट दिया जाना है।

पीएमश्री में चयनित बेसिक स्कूलों में नई कक्षा, बाल वाटिका, दिव्यांग शौचालय व अन्य विकास कार्य होने हैं। इसके अलावा अन्य सुविधाओं को भी सुधारा जाएगा। पिछले बजट का कार्य पूरा होने के बाद अब नए कार्य कराने के लिए शासन ने यह रुपया स्कूलों को दिया है। बताया गया कि इस बजट को स्कूलों के खातों में ट्रांसफर किया जा रहा है और जल्द कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। इन विद्यालयों में बेहतर शिक्षकों की तैनाती की जायेगी।

सम्मान प्राप्त करते डॉ. अमरजीत यादव। अमृत विचार

डॉ. अमरजीत यादव सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की ओर से सम्मानित किया गया है। केजीएमयू हेल्थ योग एंड वेलनेस प्रोग्राम के सफल संचालन में डॉ. यादव की उल्लेखनीय भूमिका थी।

एमओयू के दौरान यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी व आईआईएम मुम्बई के निदेशक मनोज कुमार तिवारी। अमृत विचार

यूपीएसआईएफएस व आईआईएम मुम्बई के बीच एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) और भारतीय प्रबंध संस्थान मुम्बई (आईआईएम) के बीच एक एमओयू शुक्रवार को किया गया। यह एमओयू यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी व आईआईएम के निदेशक मनोज कुमार तिवारी के बीच हस्ताक्षरित किया गया। निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि दोनों संस्थाओ द्वारा फाइनेंशियल एंड बैंकिग फॉरेंसिक विषय पर उच्च स्तरीय कोर्स डिजाइन किया जायेगा। इस कोर्स से पुलिस, बैंकिग सेक्टर सहित अन्य वित्तीय संस्थानों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कोर्स को तीन माह के भीतर ही डिजाइन कर धरातल पर उतार दिया जायेगा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस | लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

13 से 15 वर्ष के बच्चों में बढ़ रही तंबाकू की लत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आज 13 से 15 वर्ष के बच्चों में भी तंबाकू की लत बढ़ रही है जो कि एक चिंता का विषय है। ये बात किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सूर्यकांत ने कही। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन भारत के युवाओं को अपने गिरफ्त में ले रहा है जिस पर विचार करने की जरूरत है।

डॉ. सूर्यकांत लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक एवं उपभोग करने वाला देश है, वर्तमान में युवाओं में धूम्रपान का प्रचलन बना हुआ है और कई देशों में यह लगातार बढ़ रहा है।

वहीं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा जिस प्रकार चिकित्सकीय क्षेत्र के विशेषज्ञ तंबाकू के सेवन से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय उपचार प्रदान कर रहे हैं, उसी प्रकार समाज कार्य विभाग एवं छात्रों को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का अनुभव करते हुए तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक उपचार प्रदान कराना चाहिए और बच्चों व युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

लविवि में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्राएं।

तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

अमृत विचार : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक और इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नीरज टंडन ने बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि ई-सिगरेट में इस्तेमाल होने वाले तरल पदार्थ भी हानिकारक है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डॉ आरपी सिंह ने धूम्रपान के कारण इरिटेशन, रिफ्लक्स रोग, पेप्टिक अल्सर, लिवर सिरोसिस कोन्स रोग जैसे गंभीर बीमारी के बारे में बताया। पल्मोनरी मेडिसिन के डॉक्टर आमिर ने सीओपीडी, इंपसीम व फेफड़े की बीमारी और फेफड़ों के कैंसर के बारे में बताया। कार्डियोलॉजी से अमित कुमार सोनी ने धमनी रोग एनजाइना और मायोकार्डियल इन्फेक्शन के बारे में बताया। इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता 70 पैरामेडिक्स और 30 स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। स्वामी मुक्तिनाथानंद ने सभी को धूम्रपान बंद करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम में स्वामी मुक्तिनाथानंद को सम्मानित करते डॉक्टर। अमृत विचार

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

VACHAK

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

आलमबाग

पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

मेट्रो यात्रियों ने लिया तंबाकू त्यागने का संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गैर सरकारी संस्थान (हेल्प यू एजुकेशनल एवं चेरिटेबल ट्रस्ट) के साथ मिलकर मेट्रो यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक कर यात्रियों से तंबाकू त्यागने का संकल्प दिलाया गया।स्वयंसेवकों ने मुंशी पुलिया से हजरतगंज के बीच चलती मेट्रो ट्रेन में यात्रियों को तंबाकू के नुकसान गिनाए। उप्र. मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने भी विचार रखे।

नगर निगम ने मुक्त कराई 3.25 करोड़ की भूमि

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को सरोजनी नगर और बीकेटी में सरकारी भूमि पर किया गया निर्माण बुलडोजर से चलाकर कब्जा मुक्त कराया। अभियान में 3 .25 करोड़ रुपये की भूमि से कब्जा हटाया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार नीरज कटियार, लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव, मनोज आर्य, अनूप गुप्ता, राजेंद्र यादव पुलिस बल के साथ सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर पकरी गांव पहुंचे। गांव में नगर निगम के तालाब की .1010 हेक्टेयर भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण करना पाया। टीम ने बुलडोजर से निर्माण ध्वस्त कर 2500 वर्ग फीट भूमि कब्जा मुक्त कराई। इस भूमि की कीमत 1.25 करोड़ रुपये बताई गई है। इसी तरह बीकेटी तहसील के ग्राम रसुलपुर कायस्थ में चारागाह की भूमि कुछ लोगों ने ईंट, बालू, मौरंग डालकर कब्जा किया था।

महिला कर्मियों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा जैसी सभी सुविधाएं देगा। कार्यालय से बाहर समस्या या अभद्रता होने पर भी सहायता की जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को नगर निगम में महिला सशक्तिकरण को लेकर हुई बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने दी। महिला कर्मियों की शिकायतें, समस्याएं सुनने के लिए नोडल और उप नोडल अधिकारी भी नामित किए गए। नगर आयुक्त ने मुख्यालय व सभी जोन में तैनात महिला अधिकारी व कर्मचारी की समस्याएं सुनीं। जोन-5 व 7 जोनल कार्यालय में शौचालय की समस्या होने की जानकारी दी गई। नगर आयुक्त ने वहां शौचालय बनवाने के निर्देश दिए। महिला कर्मियों ने बताया कि जन सूचना कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, लेखा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग में भीषण गर्मी में पंखे और कूलर की व्यवस्था नहीं है।

पुराने हाईकोर्ट परिसर में वकील से छेड़छाड़, पिस्टल लहराई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खुद को रेलवे मजिस्ट्रेट बताकर कोर्ट में दाखिल हुआ था आरोपी

अमृत विचार : पुराने हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा एक बार भी सवालों के घेरे में आ गई। गेट नंबर 6 पर तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर एक अपराधी लाइसेंसी पिस्टल लेकर कोर्ट परिसर में घुस गया। उसने खुद को रेलवे का मजिस्ट्रेट बताकर कोर्ट परिसर में घुसे अपराधी ने महिला वकील से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर पिस्टल लहराने लगा। वकीलों ने घेरकर उसे पकड़कर पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पिस्टल जब्त कर ली। महिला वकील की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि कोर्ट परिसर में घुसने वाला अपराधी मड़ियांव निवासी चंद्रपाल है। वह पहले स्वामी विवेकानंद हास्पिटल के पास कल्पना अपार्टमेंट में रहता था। उसके खिलाफ महानगर समेत कई थानों में जालसाजी और अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। महिला वकील की शिकायत पर उसके खिलाफ छेड़छाड़, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मालूम हो कि इससे पहले भी यहां पर आने वाले वाले कई वादाकारी और अधिवक्ताओं के साथ इस तरह की घटना हो चुकी हैं जिसको लेकर बार के सदस्यों द्वारा शिकायत की गई लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हो पाए।

हार्ट अटैक का बहाना अस्पताल में भर्ती

पुराने हाईकोर्ट परिसर में असलहे के साथ पकड़े गए जालसाज चंद्रपाल को पुलिस वजीरगंज थाने लेकर गई। जहां चंद्रपाल ने बताया कि उसके सीने में तेज दर्द है। उसे हार्ट अटैक हो सकता है। वह बेसुध होकर गिर गया। इसके बाद आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चुनावी ड्यूटी में गई है फोर्स

पुलिस उपायुक्त पश्चिम डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि चुनाव के कारण कोर्ट परिसर में जो अतिरिक्त फोर्स लगती थी वह भी इस समय बाहर है। गेट नंबर छह पर दारोगा और सिपाही थे। चंद्रपाल ने खुद को रेलवे का मजिस्ट्रेट बताया था। इस लिए उसकी चेकिंग भी नहीं हुई थी। वह कार लेकर कोर्ट परिसर में चला गया था।

वीआईपी नंबर वाली ऑडी कार से घुसा

वकीलों के मुताबिक करोड़ों रुपये की जालसाजी कर चुका चंद्रपाल लक्जरी गाड़ियों का शौकीन है। वह शुक्रवार दोपहर उत्तराखंड के आरटीओ कार्यालय से पंजीकृत वीआईपी नंबर वाली ऑडी कार से कोर्ट परिसर में घुसा था। वह पुलिसकर्मियों को अर्दब में लेकर अंदर दाखिल हो गया। इस मामले की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों ने गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगालने के निर्देश दिये हैं। ताकि यह पता चल सके कि उसके साथ कौन-कौन था।

आपराधिक मामले दर्ज होने पर भी नहीं जमा हुई पिस्टल

चंद्रपाल के खिलाफ राजधानी के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोकसभा चुनाव में जहां पुलिस सामान्य नागरिकों के लाइसेंसी असलहों को जमा कराने का दबाव बना रही थी। वहीं, दर्जन भर से अधिक मामले चंद्रपाल पर दर्ज हैं। ऐसे में उसकी लाइसेंसी पिस्टल जमा नहीं कराया गया। इस संबंध में डीसीपी पश्चिमी ने बताया कि पूछताछ में चंद्रपाल ने बताया कि पिस्टल लाइसेंसी है। उसके पिस्टल के लाइसेंस की जांच की जा रही है। इसकी भी जांच हो रही है कि आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद भी उसका असहला क्यों जमा नहीं कराया गया था।

पीकू वार्ड की सिस्टर इंचार्ज ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

लखनऊ : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के पीकू वार्ड (पीआईसीयू) की सिस्टर इंचार्ज ने अस्पताल के अफसरों पर अभद्रता और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शुक्रवार एक वीडियो वायरल करने के अलावा स्वास्थ्य महानिदेशक से लिखित शिकायत भी की है। सिविल अस्पताल के पीडियाट्रिक आईसीयू में 9 वेंटीलेटर हैं। यहां पर कई गंभीर बच्चे भर्ती हैं। बच्चों में ऑक्सीजन की मात्रा परखने के लिए वार्ड में लगी एबीजी मशीन खराब है। शुक्रवार सुबह सीएमएस-एमएस ने वार्ड का निरीक्षण किया। मशीन खराब होने पर सिस्टर इंचार्ज को फटकार लगाई।

रेलवे स्टेशनों पर पानी की किल्लत

परेशान हो रहे यात्री, बोतलबंद पानी खरीदकर पीने के लिए मजबूर हैं लोग

अमृत विचार लखनऊ

अमृत विचार: भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल रेल यात्रियों स्टेशन पर जरूरत के अनुसार पीने का पानी नही मिल रहा। ट्रेन रुकते ही यात्री बोतलें लेकर नलों की ओर दौड़ते हैं। मारामारी के बाद नंबर आता है, लेकिन ज्यादातर यात्रियों की बोतलें खाली ही रह जाती हैं। मजबूरन यात्री बोतल बंद पानी खरीदकर पी रहे हैं शुक्रवार को ऐशबाग, बादशाहनगर सहित लखनऊ के कई स्टेशनों पर पानी के लिए यात्री परेशान देखे गए।

रेल यात्रियों की सुविधाओं की हकीकत लखनऊ के कई स्टेशनों पर नजर आई। बादशाहनगर स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पानी के लिए नल लगे दिखे, लेकिन टोटियां सूखी थी। यहां पानी के लिए यात्रियों की लंबी लाइन दिखी। इसी तरह ऐशबाग स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही पानी के लिए यात्रियों की भीड़ कूदकर नल के पास पहुंची, लेकिन किसी नल से पानी नही निकला। काफी देर परेशान होने के बाद उन्हें प्लेटफार्म के दूसरे छोर से पानी खरीदना पड़ा। इस दौरान कई यात्रियों की ट्रेन छूटते-छूटते बची। रेल प्रशासन की ओर से ट्रेनों के कोचों में जल्दी पानी भरने के लिए स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली का प्रयोग भी फेल नजर आया। लंबी दूरी की गाड़ियों में भी पानी की व्यवस्था नही थी।

बादशाह नगर रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी में पीने का पानी भरने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

बस अड्डों पर भी पानी की किल्लत

अमृत विचार : रोडवेज बस अड्डों पर पीने के पानी की किल्लत है। बस स्टेशनों पर वाटर कूलर तक नहीं है। कैसरबाग बस स्टेशन पर वाटर कूलर खराब पड़े हैं। बस अड्डे पर साधारण पानी की टंकियों में गर्म पानी आ रहा है। बस स्टेशनों पर आने जाने वाले यात्री स्टॉल से पानी की बोतलें खरीदने को मजबूर हैं। इसका लाभ लेकर कुछ स्टॉल संचालक पानी की बोतलें महंगे दामों पर बेच रहे हैं। निगम प्रशासन यात्री सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। परिवहन निगम के जानकारों का कहना है कि प्रत्येक बस अड्डे के रखरखाव के लिए 10 हजार रुपये की धनराशि हर माह मुख्यालय से मिलती है। टिकट में भी यात्रियों से एक से दो रुपये तक सुविधा शुल्क लिया जाता है। इसके बावजूद यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लखनऊ रीजन के आरएम आर के त्रिपाठी का कहना है कि बस अड्डों पर यात्री सुविधाओं को दुरुस्त कराने के लिए एआरएम को निर्देशित किया जाएगा।

बादशाह नगर स्टेशन पर बिना टोटी का वाटर पोस्ट।

अभियान में पकड़ा गया बिना ब्रांड का पानी

रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अवैध वेंडरों द्वारा लोकल ब्रांड का पानी एमआरपी रेट से अधिक पर बेचने की शिकायत लगातार मिल रही है। गुरुवार को अधिकारियों ने इसके खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने लखनऊ जंक्शन समेत कई स्टेशनों पर चेकिंग किया। चेकिंग में रेल नीर के बजाय 5700 बोतल लोकल ब्रांड पानी के साथ दर्जनों अवैध वेंडर पकड़े गये थे। इसके अलावा अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाए जा रहे चिप्स, नमकीन, बिस्कुट के पैकेट, मेंगो जूस, नींबू पानी की बोतलें बरामद की गयी।

"रेल यात्रियों के सुविधाओं के लिए पूर्वोत्तर रेलवे तत्पर है। रेलवे स्टेशनों पर पानी की किसी प्रकार दिक्कत नहीं होने दी जायेगी इसके लिए वाणिज्य टीम, कर्मचारियों को जांच के लिए लगाया गया है।

-पी के सिंह, सीपीआरओ पूर्वोत्तर रेलवे

डीआरएम ने किया ट्रांसपोर्टनगर स्टेशन का निरीक्षण

लखनऊ: भीषण गर्मी को देखते हुए संरक्षित व सुरक्षित रेल परिचालन के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा बीती रात अजगैन और ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशनों का निरीक्षण किया। स्टेशनों पर पहुंचकर वहां पर स्थित संरक्षा संबंधी कार्यालयों, संकेत दूरसंचार कार्यालयों, पीआई कक्ष में पहुंचकर वहां की कार्यप्रणाली और अभिलेखों का परखा। उन्होंने गाड़ियों के संचालन का कार्य करने वाले गार्ड, लोकोपायलट, कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त की और हौसला बढ़ाया। सभी को ग्रीष्मकाल के दौरान संरक्षित और सुरक्षित रेल परिचालन के प्रति सतर्क और सचेत रहते हुए कार्य करने के लिए जागरूक किया।

उधर आगामी कुम्भ मेले को दृष्टिगत रखते हुए इस दिशा में की जाने वाली पूर्व तैयारियों, यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए लागू की जाने वाली यात्री प्रबंधन की नीतियों और संरक्षित, समयबद्ध रेलपरिचालन की व्यवस्थाओं की जानकारी के लिए शुक्रवार को उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ-प्रयागराज संगम रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग कर निरीक्षण किया।

गर्मी में बसें खाली, रोडवेज को रोजाना तीन करोड़ का नुकसान

कार्यालय संवाददाता

▸▸ मई में तीन लाख तक कम हुई यात्रियों की संख्या

अमृत विचार: भीषण गर्मी के कारण रोडवेज की साधारण बसों में यात्रा करने से लोग कतरा रहे हैं। शेड्यूल के अनुसार बसों को फेरा पूरा करना पड़ रहा है। खाली बसें दौड़ाने से परिवहन निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

पिछले साल मई की तुलना में इस वर्ष गर्मी अधिक है। इससे रोडवेज में तीन लाख यात्री कम हो गए। 29 मई को एमडी के सामने रखी गई रिपोर्ट में बताया गया कि गर्मी की वजह से साधारण बसों से लोग यात्रा नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से प्रतिदिन हो रहे नुकसान की भरपाई को लेकर अधिकारी परेशान हैं।

राजस्व के नुकसान को रोकने के लिए परिवहन निगम ने लंबी दूरी की बजाय स्टॉपेज देकर कम दूरी के बीच बसों का संचालने करने जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बसों की संख्या बढ़ाकर इनकी दूरी को कम किया जाएगा। 40 फीसदी बसें सिंगल क्रू चलाएंगे और लंबी दूरी की 60 फीसदी बसें डबल क्रू तैनात होंगे। इससे क्रू सदस्यों की संख्या में बचत होगी और रोडवेज की आय प्रभावित होने से बच सकेगा। रोडवेज नुकसान को देखते हुये एमडी ने एक माह में दोबारा समीक्षा करेंगे।

खराब प्रतिफल देने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

रोडवेज बसों से खराब प्रतिफल देने वाले क्षेत्रों में कानपुर, आगरा, सहारनपुर, गाजियाबाद, मेरठ हैं। डीजल औसत समीक्षा में जो क्षेत्र खराब होंगे, उनके सेवा प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से क्षति पूर्ति होगी।

खराब प्रतिफल वाले क्षेत्र पर प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। एमडी के इस निर्णय के बाद रोडवेज के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारी प्रतिफल बढ़ाने के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं।

पुलिस कमिश्नर को फर्जी ई-मेल भेजकर मांगा जवाब, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ कमिश्नरेट के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था मेल

▸▸ जेसीपी कानून-व्यवस्था की जांच में हुआ खुलासा

अमृत विचारः पुलिस कमिश्नर लखनऊ की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर कुछ दिनों पहले एक मेल आया था। यह मेल indiancybercrimeunit@gmail.com से आया था। जिसमें चाइल्ड पोनोग्राफी के बारे में जवाब मांगा गया। जेसीपी कानून-व्यवस्था ने जांच कराई तो मेल फर्जी आईडी से आने की पुष्टि हुई। जेसीपी के निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

साइबर क्राइम थाने में तैनात दरोगा गुलाम हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। दरोगा के मुताबिक सात मई की शाम करीब छह बजे पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर की आधिकारिक आईडी पर मेल भेजा गया। जिसमें चाइल्ड पोनोग्राफी और महिला संबंधी अपराध के मामले में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। मेल में फर्जी कोर्ट आर्डर भी अपलोड किया था। जिसमें सीबीआई की मोहर लगी थी। मेल की गम्भीरता से जांच शुरू की गई। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने साइबर क्राइम थाने को ई-मेल भेजने वाले आईपी एड्रेस को ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक की पड़ताल में साइबर ठगों की तरफ से ई-मेल भेजे जाने की बात सामने आई है। विस्तृत जांच के लिए गूगल हेडक्वार्टर से ई-मेल आईडी बनाने वाले आईपी एड्रेस की डिटेल मांगी गई है। इसके साथ ही यह आईडी किसी लोकेशन से इस्तेमाल हो रही है। इसकी जांच भी पुलिस कर रही है।

छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हुसैनाबाद पीएचसी के डॉक्टर पर महिला मरीज से छेड़छाड़ का लगा था आरोप

अमृत विचार : इलाज के बहाने महिला मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी हुसैनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) प्रभारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति के नोडल ने डॉक्टर की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया है। मामले की जांच के लिए पुलिस को भी पत्र भेजा गया है।

हुसैनाबाद सीएचसी प्रभारी की तैनाती एनएचएम के तहत हुई थी। डॉक्टर पर बीते दिनों एक महिला मरीज से इलाज के बहाने छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पहले स्वास्थ्य विभाग के अफसर मामले को दबाने पर जुटे रहे। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की टीम ने जांच की।

कई महिला मरीजों ने डॉक्टर के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे। डॉक्टर की सेवाएं समाप्त करने का अंतिम फैसला डीएम को लेना था। जिला स्वास्थ्य समिति के नोडल ने डॉक्टर की सेवाएं समाप्त किए जाने का आदेश जारी किया है। जिसके बाद पीएचसी से डॉक्टर को हटा दिया गया है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, डॉक्टर की सेवाएं समाप्त हो गई हैं। दूसरे डॉक्टर की तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एलडीए अपार्टमेंट में कमियां, गुणवत्ता भी खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवंटियों की शिकायत पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के चार अपार्टमेंट की टीम ने जांच की। टीम को इन अपार्टमेंट में कमियां मिलने के साथ गुणवत्ता भी खराब मिली। बिल्डर की ओर से बनाए गए प्रधानमंत्री आवासों की गुणवत्ता पर भी टीम ने सवाल उठाए हैं। बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है।

एक पूर्व उपाध्यक्ष के करीबी रहे बिल्डर प्रताप हाइट्स ने 2014 से 2017 तक लखनऊ विकास प्राधिकरण का आद्रा अपार्टमेंट, रतनलोक अपार्टमेंट, मिर्गसिरा अपार्टमेंट व रश्मि लोक अपार्टमेंट का निर्माण किया था। इसके बाद शारदा नगर व बसंतकुंज का ठेका लेकर प्रधानमंत्री शहरी आवास बनाए। बिल्डर द्वारा बनाए गए अपार्टमेंट में तमाम खामियों के कारण फ्लैट नहीं बिके और अधूरे कार्यों के कारण खंडर हो गए। कुछ फ्लैट देर से बिके तो आवंटियों ने खिड़की, दरवाजे न होना, सीलन, फिनिशिंग व गुणवत्ता खराब होने की शिकायतें उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से की थी। इसका संज्ञान लेकर पिछले माह उन्होंने सभी अपार्टमेंट का निरीक्षण किया था और खामियां मिलने पर सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इंजीनियरों को शामिल कर पांच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई थी।

जांच लगभग पूरी हो गई है। टीम को अपार्टमेंट में फिनिशिंग, खिड़की, दरवाजे समेत कई कमियां मिली हैं। गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई है। इस वजह से यह अपार्टमेंट बिक नहीं रहे। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास की गुणवत्ता खराब बताई है। अब यह जांच रिपोर्ट उपाध्यक्ष के माध्यम से शासन को जाएगी और संबंधित बिल्डर को नोटिस जारी कर रिकवरी की तैयारी है।

जांच कमेटी ने बिल्डर को ब्लैक लिस्ट की भी सिफारिश की है। बिल्डर के अन्य प्रोजेक्टों की फाइलें भी जांच के लिए खंगाली जा रही हैं। सचिव ने बताया कि प्रकिया चल रही है। अभी रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है।

भीषण गर्मी के बीच ग्राहकों ने बैंकों से बनाई दूरी

अमृत विचा, लखनऊ: भीषण गर्मी की वजह से बैंकों में लगने वाली भीड़ में खासी कमी रही। शुक्रवार को शहर के ज्यादातर बैंकों में इक्का दुक्का ही ग्राहक देखने को मिले। बहुत जरूरी काम होने पर ही ग्राहक बैंक पहुंचे। ज्यादातर बैंक कर्मचारी सीट पर खाली बैठे दिखे। बैंकों में सामान्य दिनों में लगने वाली भीड़ भीषण गर्मी में बहुत कम देखने को मिली। बैंकों में ज्यादातर आने वाले लोग एसी की ठंडी हवा खाने पहुंच रहे हैं। हजरतगंज, कैसरबाग, महानगर, अलीगंज, आशियाना, आलमबाग, राजाजीपुरम, अमीनाबाद, ठाकुरगंज, चौक नक्खास, रकाबगंज, लालबाग, चिनहट, मटियारी आदि क्षेत्रों में बैंकों में ग्राहकों की संख्या बहुत कम रही। रकाबगंज स्थित एसबीआई बैंक में आये सुरेश ने बताया कि जरूरी काम होने पर ही बैंक आते हैं। मशकगंज निवासी अक्षय वाजपेयी ने बताया कि डीडी बनवाना जरूरी था, इसलिए बैंक आना पड़ा। एसबीआई की मुख्य शाखा में आये प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी में बाहर निकलना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "http://www.ldaonline.co.in"

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या	योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री महेश लाल	भूखण्ड सं0-एन-1-8	सेक्टर-एन-1 आशियाना कानपुर रोड योजना	22.03.2015	1. श्री महेश लाल, 2. श्रीमती ईशा रानी, 3. श्री सौरभ राजपूत, 4. श्री गौरव राजपूत	---	पति, पुत्री, पुत्र, पुत्र
2.	श्री भानुप्रकाश मौर्या व श्रीमती उमा मौर्या	भूखण्ड सं0-1/70, से.-1	गोमती नगर विस्तार योजना	श्रीमती उमा मौर्या की मृत्यु दिनांक-23.02.2020 हुई है।	श्री ओंकार नाथ मौर्या	---	पुत्र
3.	स्व0 श्रीमती देव प्रभा	सम्पत्ति संख्या-L-4/72, से.-एम	अलीगंज योजना	दिनांक 09.12.2022	1-श्री वी0एन0 श्रीवास्तव पुत्री, 2-श्री शिवनाथ श्रीवास्तव-पुत्र, 3-श्री सोमनाथ श्रीवास्तव-पुत्र	1. श्रीमती दिव्या सिंह-विवाहित	पति
4.	मो0 वाहिद	भवन सं0-एल-4/197, विनय खण्ड	गोमती नगर योजना	10.01.2021	1. श्रीमती सरजहाँ खातून, 2. मो0 रियाज, 3. मो0 इम्तियाज, श्रीमती परवीन जहाँ	---	पत्नी, पुत्र, पुत्र, पुत्री
5.	स्व0 श्री विजय शंकर	भूखण्ड सं0-ई-2/84	विभव खण्ड, गोमती नगर योजना	25.05.2023	श्रीमती विनीता देवी श्री अनिल कुमार गुप्ता	---	पत्नी, पुत्र, पुत्र पुत्र (आश्रित माता)
					श्री अमित कुमार, श्री सत्यम गुप्ता, श्री अंकित गुप्ता		पुत्र (आश्रित माता)

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

एक नजर

रास्ते पर खनन कर आवाजाही रोकी, रिपोर्ट

अमृत विचार, मलिहाबाद : लेखपाल ने मलिहाबाद थाने में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, लेखपाल शिव शंकर ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया साधारण मिट्टी खनन के लिये 8 मई से 26 जून तक ठेकेदारों को एनओसी जारी की गई है। ग्राम बेलगढ़ा में गाटा संख्या 32, 269 व 277 से 17 हजार 603 घन मीटर खनन की मंजूरी है। इसके बाद भी गाटा संख्या 421/2 के काश्तकार सुरेश व सजीवन ने परिजनों के साथ सरकारी रास्ते से खनन कर आवाजाही रोक दी। शिकायत पर लेखपाल ने मार्ग खोलने की बात कही तो अनसुनी कर दी। पुलिस का कहना है कि लेखपाल की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

स्क्रैप दिलाने के नाम पर ठगे 22 लाख, गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एनटीपीसी से स्क्रैप दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये ठगने वाले जालसाज को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि बस्ती हरैया निवासी ओम प्रकाश शुक्ल को शुक्रवार सुबह गुरु कृपा ढाबे के पास से दबोचा गया। आरोपी ने स्क्रैप व्यापारी रघुवीर सिंह को एनटीपीसी से स्क्रैप दिलाने की बात कहते हुए करीब 22 लाख रुपये लिए। जिसके बाद वह भाग निकला। स्क्रैप नहीं मिलने पर पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में ओम प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है।

मुठभेड़ में 11 डकैती डालने वाला गैंगस्टर घायल

चिनहट के देवा रोड पर शुक्रवार तड़के 3 बजे हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट के देवा रोड पर शुक्रवार तड़के 3 बजे पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें राकेश उर्फ पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, उसके दो साथी अंधेरे में भाग निकले। आरोपी के पास से असलहा, बाइक, कारतूस और दो खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक एक साल में 11 डकैती डालने वाले राकेश पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक शुक्रवार तड़के 3 बजे पुलिस की मुठभेड़ हुई। कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि चिनहट के अपट्रान चौकी इलाके में दो-तीन लोग बैठे हैं। वह डकैती और हत्या की साजिश रच रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को देख बदमाश भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। राष्ट्रीय उद्योग आश्रम इंटर कॉलेज मटियारी के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से फायरिंग हुई। इसमें राकेश उर्फ पिंटू के पैर में गोली लगी। वहीं उसका साथी रंजीत अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं, घायल राकेश को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटनास्थल से बरामद गैंगस्टर की बाइक। अमृत विचार

मुठभेड़ के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस टीम। अमृत विचार

मुठभेड़ में घायल गैंगस्टर को सहारा देकर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- जिम संचालक के घर डकैती डालने की थी तैयारी, दो की तलाश

ढाई माह पहले आया जेल से बाहर

प्रभारी निरीक्षक चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक राकेश उर्फ पिंटू के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ढाई महीने पहले वह जमानत पर छूटा है। जेल से छूटने के बाद से ही वह साजिश रचने लगा था। इस बीच कुछ लोगों को धमकियां भी दी थी।

एक वर्ष में 11 डकैती में रहा शामिल

एडीसीपी अमित कुमावत के मुताबिक राकेश उर्फ पिंटू 2016 से अपराध की दुनिया में कदम रखा। थाना कृष्णानगर में उसके खिलाफ डकैती की धारा में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद वर्ष 2017 में उसने लगातार 11 डकैती के वारदात को अंजाम दिया। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। 2017 में ही आरोपी के खिलाफ पलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

हत्या के प्रयास के कई मामले दर्ज

डीसीपी पूर्वी के मुताबिक घायल राकेश के खिलाफ राजधानी के कई थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें डकैती, जान से मारने का प्रयास, लूटपाट व हत्या की साजिश रचने का मामला शामिल है। राकेश के खिलाफ चिनहट, कृष्णानगर, आशियाना, पारा, गोमतीनगर थाने में मामले दर्ज हैं।

नौकरी से निकाला तो हत्या व डकैती की रची साजिश

एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक राकेश मूलरूप से गोंडा के खोडारे स्थित इस्लामपुर का रहने वाला है। चिनहट इलाके में अर्पित कुमार जिम चलाते हैं। राकेश अर्पित के घर चालक की नौकरी करता था। मार्च में अर्पित की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। इस पर नाराज होकर अर्पित ने राकेश को नौकरी से निकाल दिया। इसी बात से वह नाराज था। अपने साथियों के संग मिलकर अर्पित की हत्या और उसके घर में डकैती डालने की साजिश रच डाला। इसी को अंजाम देने के लिए सभी अपट्रान चौकी के पास जुटे थे।

कारोबारी के 2.2 करोड़ हड़पे दंपति समेत पांच पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरानगर निवासी कारोबारी की शिकायत पर गाजीपुर पुलिस ने की कार्रवाई
- मंगाया 7.66 करोड़ का माल दिया 5.63 करोड़ रुपये

अमृत विचार : शाम्भवी इंफोटेक के प्रोपराइटर कृष्ण मोहन सिंह ने गाजीपुर थाने में शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाया कि क्रति इंफोकॉम के प्रोपराइटर आशुतोष मिश्रा ने अपनी दो फर्म से 7,66,30,487 रुपये के सामान का आर्डर किया। इसके बदले में उन्होंने 5,63,87,919 रुपये का भुगतान दोनों फर्म के खातों से किया। वहीं, बकाया धनराशि 2,02,42,568 रुपये देने में चार साल से टालमटोल कर रहे है। मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक प्रार्थना पत्र के आधार पर आशुतोष, उसकी पत्नी समेत पांच पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

रोहतास एनक्लेव कैलाशकुन्ज रवीन्द्रपल्ली निवासी कृष्ण मोहन सिंह शाम्भवी इंफोटेक के नाम से फर्म चलाते हैं। उनके फर्म का कार्यालय इंदिरानगर बी ब्लॉक, हजरतगंज के लालबाग और मुंशी पुलिया पर है। इस फर्म से वह कंप्यूटर एसेसिरीज डेक्सटॉप, प्रिंटर, हार्डवेयर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि जानकीपुरम निवासी आशुतोष मिश्रा अपनी फर्म क्रति इंफोकॉम के माध्यम से सामग्री बेचने का काम करते हैं। कृष्ण मोहन के मुताबिक आशुतोष ने 15 दिसंबर 2017 से 10 सितंबर 2019 के बीच कई सामग्री मंगाकर बेचा। जिसकी कीमत कुल 4,44,76,846 रुपये थी। आशुतोष ने इसके बदले में उनके खाते में 3,42,80,519 रुपये जमा कराए। वहीं 1,01,96,327 धनराशि बकाया रही।

जीएसटी के बहाने दूसरी फर्म के नाम पर कराई बिलिंग

आरोप है कि जब बकाया रकम मांगी तो शुरुआत में टालमटोल करने लगे। फिर कहा कि क्रति इंफोकॉम की जीएसटी बंद हो गई है। मेरी दूसरी फर्म साइबर मैक्स टैक्नोलॉजी जिसकी प्रोपराइटर प्रीती पांडेय हैं। उसके नाम से बिलिंग कर दीजिए। 10 सितंबर 2019 के बाद इसी फर्म के नाम से सामान मंगाया गया। इस फर्म से उनके खाते में 2,21,07,400 रुपये जमा किए गए। दूसरी फर्म के नाम से किए गए व्यापार का 1,00,46,241 रुपये बकाया है। आरोप है कि आशुतोष से जब रुपये की मांग शुरू की तो कोविड का बहाना बनाकर टालमटोल किया। कोविड खत्म होने के बाद भी रुपये का भुगतान नहीं किया। जब सामान देने से मना किया तो आशुतोष की पत्नी नीतू मेरे घर पर आई। कहा कि सामान देते रहिए। बकाया रकम जल्द दे दूंगी। इस दौरान कुछ सामान लिया जिसका किस्तों में 8 लाख रुपये जमा कराए थे।

पोस्टमार्टम हाउस से राम नारायण के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाती पुलिस। अमृत विचार

बेसहारा का पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, ठाकुरगंज

- पुलिस उपायुक्त पश्चिम और ठाकुरगंज पुलिस ने अर्थी को दिया कंधा
- पोस्टमार्टम के बाद सनातन रीति रिवाज से गुलाला घाट पर की अन्त्येष्टि

अमृत विचार: ठाकुरगंज क्षेत्र के फरीदीपुर, रिंग रोड़ में अकेले रहने वाले राम नारायण मौर्य (65) की बीमारी से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के बारे में पड़ोसियों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। जब कोई नहीं मिला तो पश्चिमी जोन के डीसीपी व इंस्पेक्टर ठाकुरगंज वारिस बने। गुलाला घाट ले जाकर शव का अंतिम संस्कार कराया।

जानकारी के मुताबिक, राम नारायण मौर्य का रिंग रोड फरीदीपुर चौकी क्षेत्र में रहते थे। कई वर्ष पूर्व उनकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। इसके बाद वह अकेले रहने लगे। पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी कि राम नारायण मौर्य काफी दिनों से बीमार रहते थे। गुरुवार रात बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों की तलाश की गई। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इस बारे में उन्होंने डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार को बताया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद डीसीपी पश्चिम और ठाकुरगंज पुलिस ने अंतिम संस्कार किए जाने की जिम्मेदारी निभाई। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार और ठाकुरगंज प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने अर्थी को कंधा दिया। गुल्लाला मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। दोपहर में इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिस पर लोगों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की।

सार-संक्षेप

पुत्र से मिलने विदेश गए दंपति, घर में हो गयी चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : बेटे से मिलने विदेश गए दंपति के घर को चोरों ने निशाना बनाया। मेन गेट समेत कमरों व अलमारी के ताले तोड़ कर नगदी व गहनों समेत लाखों का सामान पार कर दिया। पड़ोसी ने ताला टूटा देख दंपति को मोबाइल पर सूचना दी। छोटे भाई की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर चोरी का मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र के केशव नगर निवासी विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनके बड़े भाई अविनाश श्रीवास्तव का आशीर्वाद उद्यान-2 एल्डिको में मकान है। कुछ दिन पहले वह मकान में ताला डालकर परिवार के साथ विदेश में रह रहे बेटे के पास गये थे। 22 मई को शाम 7 बजे भाई के पड़ोसियों ने फोन कर मेन गेट के दरवाजे का ताला टूटा होने की सूचना दी। विश्वजीत ने मौके पर पहुंच देखा तो मेन गेट के अलावा कमरों व अलमारी के ताले टूटे थे। भाई से बात की तो उन्होंने बताया घर में 1.13 लाख रुपये नकद, 5 अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, एक जोड़ी बाली समेत अन्य गहने रखे थे। जांच करने में पता चला कि नकदी और गहने चोरी हो चुके हैं। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इंस्पेक्टर ने बताया चोरी का मामला दर्ज किया है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

हेड जेल वार्डर का पुत्र लापता, निकला था खेलने

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान के हेड जेल वार्डर का पुत्र संदिग्ध हालात में लापता हो गया। वह गुरुवार को होमगार्ड मुख्यालय ग्राउंड पर खेलने गया था। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। शुक्रवार को पीड़ित वार्डर ने आलमबाग कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर एसएस महादेवन के मुताबिक, होमगार्ड मुख्यालय ग्राउंड के समीप रहने वाले हेड जेल वार्डर शशिभान सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनका 18 वर्षीय बेटा ऋषभ सिंह उर्फ रिशू रोज की तरह ही गुरुवार शाम करीब 6 बजे घर से मुख्यालय ग्राउंड पर खेलने जाने की बात बोल कर निकला था। देर रात तक नहीं लौटने पर उसके मोबाइल नंबर पर काल की तो स्विच ऑफ मिला। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। इंस्पेक्टर ने बताया खेल ग्राउंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल लापता युवक की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

कार की टक्कर से दंपति घायल, पति ट्रॉमा रेफर

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दंपति घायल हो गये। पति को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के सालेहनगर पंचायत निवासी विजय कुमार अपनी पत्नी संगीता के साथ अटारी से घर लौट रहे थे। रास्ते में माल भरावन रोड पर लोहिया पुल के पास पीछ से आये कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक समेत दंपति गिरकर घायल हो गये। आरोपी कार समेत भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर विजय कुमार की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तरफ से अभी प्रार्थना-पत्र मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

खड़ी स्कूटी में लगी आग

अमृत विचार, पीजीआई : तेलीबाग क्षेत्र स्थित कुम्हार मंडी में शुक्रवार को खड़ी स्कूटी में आग लग गई। लपटें उठती देख जब तक लोगों ने पानी डाल कर आग बुझाई, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। बलदेव विहार निवासी डॉ. सत्येंद्र कुमार देर शाम कुम्हार मंडी मिट्टी के बर्तन खरीदने आए थे। इसी बीच स्कूटी में आग लग गई। डॉक्टर ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

बैंक में घुसकर महिला कर्मी को पीटा, मोबाइल छीना

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में आरोपी युवक द्वारा युवती को पहले बैंक में फिर घर ले जाकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक की पीड़ित युवती से रिश्ते की बात चल रही थी। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट व धमकी आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के मुताबिक मूलत: सीतापुर निवासी युवती क्षेत्र की एक्सिस बैंक शाखा में तीन वर्ष से नौकरी कर रही है। वर्तमान में वह गाजीपुर क्षेत्र की अशोक बिहार कॉलोनी में रहती है। युवती का आरोप है कि गुरुवार शाम वह करीब 4 बजे वह बैंक में काम निपटा रही थी। इसी दौरान विरामखंड में रहने वाला अंकित कनौजिया पहुंचा और युवती को पीटकर मोबाइल छीन लिया। इसके बाद धमकाते हुये घर चलने को कहा। युवती का आरोप है कि आरोपी बैंक से उसे सीधे अपने घर ले गया। वहां पर भी जमकर पीटा। युवती का कहना कि करीब डेढ़ वर्ष से उसकी अंकित के साथ शादी के रिश्ते की बात चल रही है। युवती ने मारपीट का कारण पता होने से मना किया है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चोरी की स्कूटी समेत आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की स्कूटी समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया आरोपी की पहचान आदर्श गौतम निवासी ग्राम सदरौना, थाना पारा का रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया उक्त स्कूटी गुरुवार को हंसखेड़ा स्थित शनि देव मंदिर के पास बने घर के बाहर से चुराई थी। बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना अंतर्गत हाजी कॉलोनी निवासी प्रीती साहू पत्नी मिट्ठू लाल ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि 26 मई को वह घर में काम कर रहीं थी। इसी दौरान पड़ोसी का बकरा घर में घुस आया। पड़ोसी समुदाय विशेष के हैं। प्रीती का कहना है कि वह आरोपियों से शिकायत करने पहुंची तो गाली गलौज कर उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। महिला ने जबरन नानवेज भी खिलाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री के अलावा पुलिस विभाग के अफसरों को भी प्रार्थना-पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

क्लर्क के नाम मेल आईडी बनाकर की फर्जी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अपर निदेशक चकबंदी ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : साइबर अटैक सिर्फ आईएएस अधिकारियों के मेल व फेसबुक पर नहीं हुआ है। बल्कि सरकारी विभागों के बाबूओं के मेल पर भी हुए है। इस तरह का एक मामला चकबंदी विभाग में आया है। क्लर्क के नाम का मेल आईडी बनाकर लगातार कई फर्जी शिकायतें की गई। जानकारी होने पर अपर निदेशक चकबंदी ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दिया है।

जवाहर भवन स्थित चकबंदी निदेशालय में तैनात अपर निदेशक चकबंदी तरुण कुमार मिश्रा ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि प्रयागराज में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय में इंद्रेश कुमार लिपिक हैं। उनके नाम का प्रयोग कर किसी ने फर्जी मेल आईडी बना ली। पिछले काफी दिनों से चकबन्दी विभाग की ई-मेल chakbandiayukt @gmail.com पर $92422041 @gmail.com से लगातार शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायती मेल से विभाग व उनकी छवि धूमिल हो रही है।

क्लर्क ने दिया शपथपत्र

अपर निदेशक ने पुलिस को बताया कि जब इस मेल के संबंध में जांच की गई। तो पता चला कि इंद्रेश कुमार के नाम से बनाई गई है। इस पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा। इंद्रेश ने इस मामले में शपथ पत्र देकर बताया कि उनके द्वारा इस तरह की कोई शिकायत नहीं की गई और न ही इस तरह की मेल आईडी उनके द्वारा बनाई गई है।

हमला कर युवती को किया मरणासन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 6 युवक नामजद व 3 अज्ञात महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज
- गुडम्बा थाना अंतर्गत ग्राम आधार खेड़ा का मामला

अमृत विचार : गुडम्बा क्षेत्र में रंजिश में लाठी डंडों व धारदार हथियारों से लैस आरोपियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। हमले में एक युवती मरणासन्न हो गई और कई लोग घायल हो गये। भीड़ जुटते देख आरोपी जान माल की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित पक्ष के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने छह युवकों को नामजद कर तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक आधार खेड़ा निवासी राजेश कुमार की पड़ोसी शिवराज यादव से रंजिश चल रही है। राजेश का आरोप है कि रोज की तरह ही 29 को सुबह करीब 7 बजे घर से बगीचे की ओर जा रहा था। रास्ते में घात लगाकर बैठ शिवराज, शिवनाथ, शिवलाल, शनि समेत करीब 10 से 12 महिला-पुरुषों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। चीख पुकार सुन राजेश को बचाने उसका पुत्र अंकुर, पुत्री रेखा व अन्य परिजन पहुंचे। आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसमें सिर पर गंभीर चोट आने से रेखा मरणासन्न हो गई। ग्रामीणों को एकत्रित होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया शिवराज समेत छह को नामजद और तीन अज्ञात महिलाओं पर मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दो दिन पहले ससुराल पहुंची महिला की मौत, हत्या का आरोप

अमृत विचार, ठाकुरगंज : ठाकुरगंज क्षेत्र में गुरुवार रात महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मां ने ससुरालवालों पर बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। खदरा निवासी पीड़ित मां राधा के मुताबिक, उन्होंने बेटी शिवी (23) की शादी तीन माह पहले ठाकुरगंज के धनिया महरी पुल निवासी रवि गुप्ता के साथ की थी। रवि सब्जी पूड़ी की दुकान चलाता है। शादी के बाद ससुराल पहुंची बेटी ने बताया था कि घर वाले छोटे-मोटे कामों में भी कमियां निकाल कर उसे प्रताड़ित करते हैं। तब बेटी को समझा बुझा कर शांत कर दिया था। इसके बाद उसे मायके ले आईं थी। यहां से दो दिन पहले ही ससुराल गई थी। गुरुवार रात दामाद रवि ने फोन कर बताया कि शिवी ने फंदा लगा लिया है। उसे एरा मेडिकल कॉलेज ले कर आए हैं। राधा आनन-फानन अस्पताल पहुंचीं। जहां शिवी की मौत हो चुकी थी। राधा का आरोप है कि शिवी के ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर शव फंदे से लटकाया है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया अभी प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने और प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

घर में घुस कर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई थाना क्षेत्र में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उसके पति ई-रिक्शा चलाते हैं। 28 मई को पीड़िता घर पर अकेली थी। दोपहर डेढ़ बजे मोहनलालगंज के राजाखेड़ा निवासी मनोज घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस बीच महिला को पति पहुंच गया। इस पर आरोपी पति से हाथापाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये पैदल भाग निकला। आरोपी की बाइक और मोबाइल पीड़िता के घर के बाहर ही छूट गये। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

होटल के कमरे में मृत मिला बैंककर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रेनिंग पर आया था 10 लोगों का ग्रुप, 27 से होटल में रुका था देर रात हुई थी तबीयत खराब
- गाजीपुर के एएनपी होटल की घटना, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, जांच जारी

अमृत विचार: इंदिरानगर के एएनपी होटल में शुक्रवार को अंबाला निवासी बैंककर्मी का शव बेड पर मिला। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि परिजन को सूचना दी गई है। उनके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, नवीन कुमार (31) केनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। वह 10 साथियों के साथ 27 मई को लखनऊ ट्रेनिंग के लिए आए थे। सभी के साथ एएनपी होटल में रुके थे। साथियों ने बताया कि नवीन को सर्वाइकल की दिक्कत थी। इसके चलते गुरुवार रात पीठ और दोनों हाथों में तेज दर्द था। होटल के पास सुषमा अस्पताल में डाक्टरों ने दर्द का इंजेक्शन लगाया और दवा देकर भेज दिया था। होटल आने के बाद नवीन अपने कमरे में सो गये। सुबह सभी लोग ट्रेनिंग पर जाने लगे, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण नवीन को किसी ने नहीं उठाया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो होटल मालिक ने पुलिस को सूचना दी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि नवीन का शव बेड पर पड़ा था। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर कमरे से सभी साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। साथ ही परिवार का इंतजार किया जा रहा है। उनकी की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

तीन दिन से लापता पेंटर का शव क्रॉसिंग के पास मिला

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर क्षेत्र में गुरुवार को तीन दिन से लापता पेंटर का शव हैनीमैन क्रासिंग के पास मिला। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के विराज खंड पांच निवासी संजय यादव के मुताबिक, उनका भाई सुशील यादव (32) पेंटिग का काम करता था। वह नशे का आदी था। सुशील सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कुछ समय से पेंटिंग का काम कर रहा था। पांच दिन पहले वह घर से काम पर गया था। तीन दिन पहले वह काम कर साइट के निकला था। इसके बाद से लापता था। गुरुवार को उसे खोजते हुए वह सिविल अस्पताल पहुंचे तो पता लगा कि मौत हो चुकी है। बताया गया कि शव मोर्च्युरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंच शव की शिनाख्त भाई सुशील यादव के रूप में की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शुरुआती जांच में शराब के नशे में गिरकर मौत होने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दुर्घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ (इनसेट में) रिक्शा चालक अरमान। अमृत विचार

टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी क्षेत्र में शुक्रवार शाम बाइक की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत भटऊ जमालपुर गांव के पास शाम को बाइक की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में चालक अरमान (32) के पेट में ई-रिक्शे का हैंडिल घुसने से गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया अरमान गांव से भाड़े के लिए जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर नशे की हालत में बाइक सवार दो युवक ई-रिक्शा को टक्कर मारकर फरार हो गए। घटना से आक्रोशित परिजन ने हंगामा कर पोस्टमार्टम से मना किया। फिलहाल पुलिस व ग्रामीणों के समझाने पर परिजन शांत हुये। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

एक नजर

एकेटीयू के 16 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के 16 छात्रों का चयन कैंमस प्लेसमेंट के जरिये श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी में हुआ है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से डीन प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज के छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक के 11 और एमबीए के पांच छात्रों का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर तीन लाख 18 हजार रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ है।

प्रयोगात्मक परीक्षा का दोबारा मिला मौका

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रों की मांग पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध महाविद्यालयों के छूटे हुए छात्रों की बीएससी सेकंड सेमेस्टर रसायन विज्ञान प्रायोत्मक परीक्षा देना का एक और मौका दिया है। परीक्षा 11 जून से सुबह 10 बज से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जायेगी। जो छात्र इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें 7 जून तक लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा, ताकि आवश्यक व्यवस्था की जा सके। महाविद्यालयों के छात्रों को संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से आवेदन प्रमाणित कराना होगा।

एनसीसी कैडेट्स को मिल रहा प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी एअर स्कवाड्रन एनसीसी की ओर से आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को एयरोमॉडलिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैम्प कमांडेंट विंग कमांडर प्रवीन तिवारी के नेतृत्व में चल रहे इस प्रशिक्षण में काफी संख्या में कैडेटस शामिल हो रह हैं। प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, ग्रुप कमान्डर की ओर से प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया। ब्रिगेडियर पुनेठा, के कैम्प में आगमन पर उन्हें कैडेटों ने गार्ड आफ आनर दिया गया।

उलटफेर कर सानिध्य बने चैंपियन

फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अनुज कुमार को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जूनियर आईटीएफ टेनिस चैंपियनशिप अंडर-18 के बालक एकल में यूपी के सानिध्य धर द्विवेदी ने उलटफेर कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में शुक्रवार को चैंपियनशिप के बालक एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए।

फाइनल में उत्तर प्रदेश के सानिध्य के सामने छठी वरीयता प्राप्त यूपी के अनुज कुमार की चुनौती थी। धूप होने के बावजूद दोनों खिलाड़ी हार मानने को तैयार नहीं हुए। मैच की शुरुआत जिस तरह रही, उसे देख कर अनुज कुमार की जीत तय मानी जा रही थी। अनुज ने पहले सेट में ही सानिध्य को एकतरफा मुकाबले में 6-1 से हरा दिया। लेकिन दूसरे सेट में दमदार खेल दिखाते हुए सानिध्य ने वापसी की।

जूनियर आईटीएफ टेनिस चैंपियनशिप अंडर-18 के बालक एकल में विजयी होने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ निर्णायक सेट में सानिध्य ने अनुज को 6-3 से हराया

सानिध्य ने यह मुकाबला 6-1 से जीत कर जहां पहले सेट में मिली हार का हिसाब चुकता किया, वहीं इस जीत से उनका आत्मविश्वास दोगुना हो गया। तीसरे निर्णायक सेट में भी सानिध्य ने शुरुआत से बढ़त ली। इस मुकाबले में दोनों के बीच जबरदस्त खेल देखने को मिला। एक-एक प्वाइंट के लिए दोनों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जा रहा था। इस सेट में सानिध्य धर द्विवेदी ने अनुज कुमार को 6-3 से हराया और एकल में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

विजेताओं को टूर्नामेंट डायरेक्टर गोविंद प्रसाद मौर्या ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर उजैर अहमद, गोपाल सिंह बिष्ट और टूर्नामेंट रेफरी समित केसरी मौजूद रहे।

श्रेष्ठ और जान्हवी ने कराटे में जीते दोहरे स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : श्रेष्ठ श्रीवास्तव व जान्हवी ने नेपाल शोतोकान कराटे एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित 15वीं एनएसकेए ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में दोहरे स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ लखनऊ के खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण, 4 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर देश व प्रदेश का परचम लहराया।

काठमांडू (नेपाल) के दशरथ स्टेडियम में गत 24 से 27 मई तक आयोजित इस चैंपियनशिप में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षु श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने 14 वर्ष के टीम काता व एकल काता में दोहरे स्वर्ण पदक जीते। वहीं जान्हवी ने 12 वर्ष काता और कुमिते के 55 किग्रा से कम भार वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

प्रतियोगिता में विजयी होने वाले कराटे खिलाड़ी पदक के साथ। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ के कराटे खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

इसके अलावा अरहम खान ने 10 वर्ष काता मे स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर शक्ति सिंह (7 वर्ष, कुमिते 35 किग्रा से कम भार वर्ग), सानवी तिवारी (8 वर्ष, कुमिते 30 किग्रा भार वर्ग), राशि वर्मा (12 वर्ष, कुमिते 45 किग्रा भार वर्ग) और आरव अमित मेहरोत्रा (8 वर्ष, काता) ने कांस्य पदक जीते।

सभी पदक विजेताओं को कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के आजीवन अध्यक्ष इंजी.योगेश कुमार, अध्यक्ष टीपी हवेलिया, महासचिव जसपाल सिंह ने बधाई दी।

हर्षजीत ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी को दिलाई जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच हर्षजीत सिंह की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्पोर्ट्स क्लब ने जीत के साथ सीएएल डेकाथलन एफएलएक्स टी-20 कप टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया मैदान पर खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने जिज्ञासा स्पोर्ट्स क्लब को 15 रनों से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 154 रन बना लिए। हर्षजीत सिंह ने 35 गेंदों में 5 चौके की सहायता से 42 रनों की पारी खेली। जवाब में जिज्ञासा क्लब की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 139 रन का सफर तय कर सकी।

जेसी गेस्ट हाउस में दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, साथ में सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह। अमृत विचार

अमन के दमदार प्रदर्शन से मेगा ट्रेंड्स सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीएसडी सहारा बीकेटी को तीन विकेट से हराया

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच अमन यादव (68 रन, 5 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मेगा ट्रेंड्स ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एसएमआर ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए मैच में मेगा ट्रेंड्स ने सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी को तीन विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने 38.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 241 रन बनाए।

सौरभ ने 43, प्रतीक कुमार राय ने 61, राज किशन ने 50 और जाफर फैजी ने 41 रन बनाए। मेगा ट्रेंडस की ओर से अमन यादव ने 7.1 ओवर में एक मेडन और 33 रन देकर 5 विकेट चटकाए। अभिनव मौर्या ने 2 विकेट चटकाए।

जवाब में मेगा ट्रेंड्स ने 31.5 ओवर में 7 विकेट खोकर 242 रन बनाए और जीत दर्ज की। अरहम खान ने 32 गेंदों में 6 चौके और 7 छक्के की बदौलत 72 रन बनाए। अमन यादव ने 56 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की सहायता से 68 रन बनाए। कार्तिकेय ने 53 रन बनाए। सहारा की ओर से शिवम कुमार ने 3, सौभर वर्मा और अभिषेक कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डॉ. बीएन सिंह को होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रचार प्रसार के लिए किया गया सम्मानित

अमृत विचार : दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान का वार्षिक सम्मेलन निराला नगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठान के संस्थापक संरक्षक राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, अति विशिष्ट अतिथि संस्था के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा और संचालन प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने किया।

इस अवसर पर प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों को विभिन्न क्षेत्र में विशेष योगदान देने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. बीएन सिंह को होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रचार प्रसार, इंजीनियर विनोद चंद्र अग्रवाल को ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए योजना बनाने के साथ उसका क्रियान्वन करने के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ. जितेंद्र शुक्ला को मानव-वन्यजीव के बीच होने वाले संघर्ष को कम करने के लिए किए गए शोध कार्य एवं परियोजना स्थापित करने के लिए सम्मान मिला। आशा सिंह को गांव संवर्धन एवं गौ सेवा के लिए किए गए विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

धीरेंद्र सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए एक रोल मॉडल स्थापित करने और डॉ. एके श्रीवास्तव को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सुबोध श्रीवास्तव को लावारिस शवों के अंतिम सस्कार करने और वीके श्रीवास्तव को नीम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने को सम्मान मिला।

डिवाइन और फीनिक्स की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में आयोजित किए गए टेक्ट्रो बेबी लीग ब्लू क्यूब्स फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को हुआ। छह महीने तक चले इस टूर्नामेंट में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। रोमांचक फाइनल में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं की घोषणा की गई। अंडर-14 श्रेणी में बीएफए ने शानदार जीत दर्ज की। अंडर-12 श्रेणी में डिवाइन फुटबॉल अकादमी ने बाजी मारी। अंडर-10 श्रेणी में फीनिक्स फुटबॉल अकादमी विजेता रही। अंडर-8 श्रेणी में टीएफए एलीट ने खिताब जीता। मुख्य अतिथि के रूप में साई के पूर्व फुटबॉल कोच सपन राय, फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल और सर्विसेज के खिलाड़ी पान सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम सामाजिक समरसता के आधार पर अहिल्याबाई होलकर के लोककल्याणकारी शासन विषयक संगोष्ठी आयोजित

अहिल्याबाई ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम किया : संजय श्रीहर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सामाजिक समरसता मंच अवध प्रान्त की देखरेख में शुक्रवार को विश्व संवाद केंद्र जियामऊ के अधीश सभागार में सामाजिक समरसता के आधार पर अहिल्याबाई होलकर के लोककल्याणकारी शासन विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष और मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केजीएमयू के माईक्रोबायलोजी विभाग की प्रो. डॉ.शीतल वर्मा ने की। विषय प्रस्तावना सामाजिक समरसता मंच अवध प्रान्त के प्रमुख राजकिशोर ने रखी। कार्यक्रम का संचालन बृजनन्दन राजू ने किया।

अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करते संघ प्रचारक राज किशोर। अमृत विचार

संजय श्रीहर्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम किया। उन्होंने तपस्वी का जीवन जिया। उनके पति, बेटा, सास, ससुर और दामाद समेत परिवार में 18 लोगों की मौत हुई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अहिल्याबाई भगवान शंकर के प्रतिनिधि के रूप में सामाजिक समरसता के आधार पर अपने शासन का संचालन करती थी। उन्होंने देश के 123 बड़े स्थान पर निर्माण कार्य कराए।

सम्पूर्ण देश के मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी ने कहा कि अहिल्याबाई का शासन राम राज्य का महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण था। वह राजनीति व धर्म नीति की ऐसी प्रतीक थी कि धर्म के साथ राज्य का संचालन करती थी। देश में ऐसा कोई राजा नहीं मिलेगा जो गलती करने पर अपने बेटे को सजा ए मौत दे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केजीएमयू के माईक्रोबायलोजी विभाग की प्रोफेसर डा.शीतल वर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने युवाओं से तंबाकू का सेवन नहीं करने की अपील की। सामाजिक समरसता के प्रांत संयोजक राजकिशोर ने कहा कि उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजाति समूहों तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करनेवाला एक आदर्श शासन था।

इस अवसर पर क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, वरिष्ठ प्रचारक रामजी भाई, राष्ट्र धर्म के निदेशक सर्वेश द्विवेदी, विभाग सेवा प्रमुख सुभाष, नगर कार्यवाह शासिकांत, डॉ. सत्येंद्र त्रिपाठी राजीव, प्रदीप एडवोकेट, आशीष एडवोकेट, ज्ञानेन्द्र एडवोकेट, रेणू राय, जय प्रकाश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। तपस्या वाजपेई ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया। नमिता शुक्ला ने कार्यक्रम में शामिल सभी को धन्यवाद दिया।

एसएमआर की जीत में हीरो बने देवाशीष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ देवाशीष ने 9 चौके की मदद से 69 रनों की नाबाद पारी खेली

अमृत विचार : देवाशीष पटेल के दमदार प्रदर्शन के दम पर एसएमआर क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में लखनऊ क्रिकेटर्स को एक विकेट से हरा दिया।

सूर्या ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ क्रिकेटर्स ने 38.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए। नितिन सिंह ने सबसे अधिक 56 रनों की पारी खेली।

टॉफी के साथ मैन ऑफ द मैच देवाशीष।

जवाब में एसएमआर क्रिकेट क्लब ने 35.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रन बना लिए और जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच देवाशीष पटेल ने 9 चौके की मदद से 69 रनों की नाबाद पारी खेली।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेलः nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरांत नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी–2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित संबंधित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

नाम परिवर्तन, जोन–6

क्र. स.	भवन संख्या व मोहल्ला – पता	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम दर्ज होना है	नाम परिवर्तन का आधार
1	293/415N, पुराना हैदरगंज भवानीगंज	प्रेमा पत्नी बाबूराम मौर्या	शानू पुत्र अबरार	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
2	548/GN–029(GIS), गायत्री पुरम आलमनगर	वन्दना सिंह पत्नी प्रशान्त कुमार सिंह	अनिल पाण्डेय व संदीप पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार पाण्डेय	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
3	545KA/RV–1361, रामबिहार, आलमनगर	श्री राम चौरसिया पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद	राजवती पत्नी स्व0 श्री राम चौरसिया	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
4	548/GN–016, गायत्री नगर देवपुर आलमनगर	श्री राम चौरसिया पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद	राजवती पत्नी स्व0 श्री राम चौरसिया	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
5	346/386, मेंहदीगंज वार्ड, भवानीगंज	ताहिर हुसैन पुत्र स्व0 सादिक हुसैन	सै0 जाकिर हुसैन पुत्र स्व0 शाहिद हुसैन व फरजाना पत्नी जाकिर हुसैन	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
6	346/087(/093), मेंहदीगंज वार्ड, भवानीगंज	रामलाल पुत्र दरगाही	श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी मो0 कासिम	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
7	545KA/NP–407, न्यू पारा आलमनगर वार्ड	गायत्री देवी श्रीवास्तव व वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 मुन्नी लाल	श्री मोहित कुमार पुत्र श्री राजवीर सिंह व श्रीमती पुष्पा कुमारी	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
8	545KA/RV–136, राम बिहार पार्ट–2 आलमनगर	शिव करन यादव पुत्र चन्द्र प्रकाश यादव	रेनू पत्नी स्व0 राजकिशोर	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
9	292/314(003), सादिक भदेवा भवानीगंज वार्ड	सोमनाथ पुत्र ज्ञानचन्द्र	जगमोहन व हरिओम बजाज पुत्र स्व0 सोमनाथ	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
10	344/428(344/179), भवानीगंज, वार्ड भवानीगंज	लक्ष्मीकान्त बाजपेयी पुत्र स्व0 के0के0 बाजपेयी	मो0 तमीम खान पुत्र स्व0 कलीम खा व श्रीमती नूरी बानो पत्नी मो0 तमीम खान	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
11	356/C/084, चन्द्रिका बिहार सआदतगंज	वासिद अली	ऊषा किरन राजपूत	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
12	356/112, आलमनगर रोड सआदतगंज	प्रताप शंकर श्रीवास्तव	मनीष श्रीवास्तव	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
13	360/241, मातादीन रोड, सआदतगंज	गगा प्रसाद	अम्बेश्वरी गुप्ता	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
14	544/1554, बरौरा हुसैन बाडी, कन्हैया माधौपुर – प्रथम	श्रीमती जुबैदा बी पत्नी मो0 शरीफ	एजाज अहमद पुत्र गुलाम दस्तगीर	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
15	544A/SP-039, बरौरा हुसैन बाडी, कन्हैया माधौपुर	सै0 सरदार हुसैन पुत्र जब्बार हुसैन	सै0 सादिक हुसैन एण्ड सै0 आबिद हुसैन	दान विलेख व शपथपत्र के आधार पर
16	466/185N, पीर बुखारा वार्ड हुसैनाबाद	अफसर शाह रिजवी	श्री इशरत जाह पुत्र एस इशरत (शहजादे इशरत रिजवी)	गिफ्ट डीड व शपथपत्र के आधार पर
17	466/147 (044), पीर बुखारा वार्ड हुसैनाबाद	गुरू केयर ऑफ विजय अनीता गौतम	श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 गुरु प्रसाद	गिफ्ट डीड व शपथपत्र के आधार पर
18	4398/159/BF–4, मल्लाही टोला प्रथम	श्रीमती अनुपमा गुप्ता	श्री संजय गंगलानी पुत्र जितेन्द्र कुमार	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
19	439B / 156, मलिहाबाद रोड़, मल्लाही टोला प्रथम	श्री विनोद त्रिपाठी उर्फ राजा त्रिपाठी	श्री राजकुमार त्रिपाठी व आशीष त्रिपाठी	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
20	466/362, पीर पुखारा वार्ड हुसैनाबाद	सोहनलाल	श्री शान अली पुत्र मो0 इरफान	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
21	443/293 (155), मिश्री बाग वार्ड मल्लाही टोला–प्रथम	श्रीमती कलावती	श्री राशिद हुसैन पुत्र अता हुसैन	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
22	390/133N, रूस्तम नगर, मौ कल्वे आबिद	सिराज हुसैन	नूर बेगम पत्नी सिराज हुसैन अजीजुल हसन नाजमा हसन व नाजिया हसन	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
23	545/C–1019 (GIS), चन्द्रोदय नगर, आलमनगर वार्ड	श्रीमती लॉगश्री पत्नी राम बिहारी तिवारी	दिनेश कुमार तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी व राजेश तिवारी पुत्र स्व0 राम बिहारी तिवारी	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
24	545 KA/RV–957, राम बिहार (पारा) पार्ट–2 आलमनगर वार्ड	बिट्टन देवी पत्नी स्व0 राम राम दुलारे मौर्या	सर्वेश कुमार मौर्या पुत्र स्व0 राम दुलारे मौर्या	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
25	308/055(/099, भवानीगंज वार्ड भवानीगंज	जानकी दास पत्नी पूरन चन्द्र अग्रवाल	अनुप कुमार अग्रवाल मनोज कुमार अग्रवाल अजय कुमार अग्रवाल अनुराग अग्रवाल पुत्र स्व0 पूरन चन्द्र अग्रवाल	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
26	293/035 (294/027) बाजार खाला, भवानीगंज	कौशल किशोर श्रीवास्तव पुत्र नन्द लाल श्रीवास्तव	अनुर रस्तोगी पुत्र अनुज कुमार	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
27	293/103(293/081) पुराना हैदरगंज, भवानीगंज	राकेश कुमार अवस्थी पुत्र जगत नारायण अवस्थी	वन्दना अवस्थी पत्नी स्व0 राकेश कुमार अवस्थी	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
28	547/A–24, तुलसी बिहार, आलमनगर वार्ड	चन्द्र किशोर मिश्रा पुत्र गुरु प्रसाद मिश्रा	राम लगन मिश्रा पुत्र राम निंरजन मिश्रा व श्रीमती शालिनी मिश्रा पत्नी श्री राम लगन मिश्रा	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
29	548/C–213, चन्द्रोदय नगर आलमनगर	श्री प्रकाश पाल राजीव कुमार व राकेश कुमार पाल पुत्र सुन्दर लाल पाल	सुनीता यादव पत्नी श्रीराम शंकर यादव	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
30	545KA/SV–16/001, सागर बिहार, आलमनगर	श्री पंकज गौड़ पुत्र राधे श्याम गौड	गीता रानी पत्नी राम चन्दर	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
31	332/035/18द(32) 5,6,7 चौक रोड, चौक बाजार काली	मोहम्मद आगा	मोहम्मद तारिक जुबैर सिद्दकी	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
32	544D/A–089, सरदार नगर कन्हैया माधौपुर – प्रथम	सगीर पुत्र सिद्दीक	श्रीमती रुकसाना सईदा पत्नी मो0 हुसैन अब्बासी	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
33	313/60, खन खुन जी रोड	श्रीमती प्रर्मिला देवी कपूर पत्नी स्व0 घनश्याम कपूर	अरून कुमार कपूर एण्ड संजय कपूर	मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर (पारिवारिक)
34	356/225/105, अशोक नगर, सआदतगंज	मो0 नसीम	अजीज फतिमा	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
35	356/340/234, अशोक बिहार, सआदतगंज	मंगू पुत्र घसीटे	शकील अली	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर
36	356–M/02 मुन्नी बिहार सआदतगंज	अरविन्द गौतम	प्रेमलता गुप्ता	रजिस्ट्री व शपथपत्र के आधार पर

नाम परिवर्तन, जोन–8

क्र. स.	भवन संख्या व मोहल्ला – पता	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम दर्ज होना है	नाम परिवर्तन का आधार
1.	L-I/008/G, सेक्टर–जी	लक्ष्मी नरायण खन्ना	राजीव चौहान व श्रीमती कमलेश चौहान	रजिस्ट्री
2.	SS-II/192/D1, सेक्टर–डी।	फैजान अली	सीमा उर्फ सीमा पाल	रजिस्ट्री
3.	S.NO-13, एल0डी0ए0 मार्केट	सतेन्द्र सिंह चौहान	सन्दीप कुमार अवस्थी	रजिस्ट्री
4.	MDS/107/G, सेक्टर–जी	रामाधार तिवारी	हिमांशु दुग्गल व वन्दना दुग्गल	रजिस्ट्री
5.	SS- II/1595,1596/D1, सेक्टर–डी।	उपमा शुक्ला	प्रतिषेक अस्थाना	रजिस्ट्री
6.	SS-II/1544/D1, सेक्टर–डी।	उत्तम चन्द्र गुप्ता	विनीता गुप्ता	रजिस्ट्री
7.	SS-II/498,499/D1, सेक्टर–डी।	शेफाली चटर्जी	ज्योति वर्मा	रजिस्ट्री
8.	C/081/G,सेक्टर–जी	सुनीता अग्रवाल	कमल कलानी	रजिस्ट्री
9.	SN/401, शान्ती नगर	प्रसुन मिश्रा	अनुराग मिश्रा	वसीयतनामा
10	581-KA/760, न्यू रहिमाबाद	प्यारेलाल	कल्पना सुनील कुमार रजक और प्रियंका विमल	पारिवारिक
11	A/872/1(GIS),सेक्टर–I	गीता सिंह	अमरनाथ सिंह	वसीयत

जोनल अधिकारी
नगर निगम लखनऊ

कैंसर के साथ 65 बीमारियों का कारण है तंबाकू

विश्व तंबाकू निषेध दिवस : केजीएमयू में वॉकथॉन के जरिए चिकित्सकों व छात्र-छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक

कार्यक्रम संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस बार की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि तंबाकू के धुएं से 7000 हानिकारक रासायनिक पदार्थ निकलते हैं। जिनमें पाए जाने वाले लगभग 70 अलग-अलग प्रकार के कैंसर के कारक बनते हैं। तंबाकू के सेवन से होने वाली 65 बीमारियों में 40 प्रकार के कैंसर को जन्म देता है। केजीएमयू के विभिन्न विभागों के चिकित्सक, पी जी छात्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्रो ने वॉकथॉन में शामिल होकर तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

केजीएमयू में वॉकथॉन में शामिल डॉक्टर व अन्य। फो अमृत विचार

सेल्फी पॉइंट से किया जागरूक

तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केजीएमयू के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग की ओर से 20 मई से 5 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने बताया अभियान के क्रम में शुक्रवार को ओल्ड डेंटल बिल्डिंग के द्वार पर एक सेल्फी बूथ स्थापित किया गया। बूथ में आने वाले लोगों ने तंबाकू निषेध के संदेशों के साथ सेल्फी ली और इन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया।

नुक्कड़ नाटक से बताए दुष्प्रभाव

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया संस्थान में दंत चिकित्सा विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मेडिकल छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव बताएं। इस मौके पर स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो .सीएम सिंह, डीन प्रो .प्रद्युम्न सिंह, सीएमएस डॉ. एके सिंह, प्रो .एसडी कांडपाल ने भी अपने विचारों से लोगों को जागरूक किया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक करते मेडिकल छात्र। अमृत विचार

ली शपथ, शादी उसी से जो नशा न करता हो

केजीएमयू में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मौजूद लड़कियों ने शपथ ली कि वह उसी से शादी करेंगी जो बीडी-सिगरेट या तंबाकू का सेवन न करता हो।

तंबाकू से हर रोज तीन हजार मौतें : डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि तंबाकू के सेवन से देश में हर रोज तीन हजार मौतें हो रही हैं। साल में मौतों का यह आंकड़ा 13.5 तक पहुंच रहा है। डॉ. अजय कुमार वर्मा के मुताबिक प्रदेश में 13 से 15 वर्ष के लगभग 40 लाख बच्चे किसी ने किसी रुप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। 5.5 करोड़ वयस्क 26 वर्ष की उम्र तक पहुंचते ही तंबाकू के नशे के आदी हो जा रहे हैं। इस मौके पर आयोजित वॉकथॉन में शामिल डॉ. रमेश भारती ने कहा कि तंबाकू व पान मसाला कैंसर, मुंह का कम खुलना जैसी समस्या पैदा हो जाती है।

हस्ताक्षर अभियान से लिया तंबाकू छोड़ने का संकल्प : बलरामपुर अस्पताल में आयोजित हस्ताक्षर अभियान के तहत मेडिकल स्टाफ,मरीज और तीमारदारों ने तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल राज, अमन, और अशोक कुमार ने अपनी तंबाकू छोड़ने का व्यक्तिगत अनुभव साझा किया। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वसन रोग, और प्रजनन संबंधी विकार होते हैं। सीएमएस डॉ. एन.बी. सिंह और एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने तंबाकू का उपयोग करने से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डॉ. मोड़ना और डॉ. हफीज तथा अन्य डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहे।

नियमित जांच और जागरूकता से मिलेगा कैंसर से निजात : विश्व तंबाकू निषेद दिवस पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने कहा नियमित जांच और जागरूकता अभियान से कैंसर के बोझ को कम किया जा सकेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि देश की आबादी में कैंसर की बीमारी बढ़ने के बाद जागरूकता बहुत जरूरी है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आयुष लोहिया ने बताया कि घर या समुदाय में तंबाकू के सेवन से बच्चों में धूम्रपान करने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

मद्यनिषेध विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : मद्यनिषेध विभाग उप्र. की ओर मोहम्मद रफीक जूनियर हाई स्कूल भतोइया मलिहाबाद विद्यालय के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। सुबह संगोष्ठी, रैली, प्रदर्शनी, व प्रचार साहित्य का वितरण कराया गया। शाम 6 बजे 1090 चौराहा के पास मद्यनिषेध प्रदर्शनी लगाकर प्रचार साहित्य का वितरण कर, जादूगर के कार्यक्रम के माध्यम से जन सामान्य को तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आरएल राजवंशी, क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी, रमेश कुमार, उप क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी, बृजमोहन, जिला मद्यनिषेध अधिकारी नीतू वर्मा और जगजीत सिंह मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

कैंसर से होने वाली मौतों में 22 प्रतिशत का कारण तम्बाकू : पार्थ सारथी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कैंसर से होने वाली मौतों में लगभग 22 प्रतिशत का कारण तंबाकू है। उप्र. में धुंआ रहित तम्बाकू का उपयोग विशेष रूप से अधिक है एवं भारत में खपत की दर दुनिया में सबसे अधिक है। यह बात स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अधिकारियों के साथ बैठक में कहीं। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को तम्बाकू न सेवन करने की शपथ भी दिलाई।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाते पार्थ सारथी सेन शर्मा व डॉ .पिंकी जोवल। अमृत विचार

- **अधिकारियों व कर्मचारियों ने तम्बाकू सेवन न करने की ली शपथ**

,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने कहा कि धूम्रपान से बांझपन के साथ ही महिलाओं में प्रजनन क्षमता भी 30 प्रतिशत प्रभावित होती है। धूम्रपान करने वालों के साथ ही निष्क्रिय धूम्रपान (पैसिव स्मोंकिंग) से भी परिवार सदस्यों को नुकसान होता है। पैसिव स्मोकिंग की वजह से सालाना करीब 8.9 लाख असामयिक मौतें होती हैं। अपर मिशन निदेशक धीरेन्द्र सचान ने कहा कि इस वर्ष की थीम, ''तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों का बचाव'' है। जो कि तंबाकू के सेवन के खिलाफ लड़ाई में अत्यधिक महत्व रखती है। बैठक में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर, लक्ष्मण सिंह,डॉ.अम्बुज श्रीवास्तव,डॉ. रवि प्रकाश दीक्षित, डॉ.मनोज शुक्ल, डॉ. सलिल श्रीवास्तव डॉ.अर्चना वर्मा, डॉ.नीतू शुक्ला एवं डब्लू.एच.ओ., यूनिसेफ, बेसिक शिक्षा, आई.सी.डी.एस. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तंबाकू से हो रहीं घातक बीमारियां : डॉ. सुधीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में रेडियोथैरेपी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। तंबाकू से स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। तंबाकू का सेवन मुंह में सफेद दाग, लाल दाग और मुंह का नहीं खुल पाने समेत कई बीमारियां होती हैं। इसके अलावा बीड़ी-सिगरेट पीने के कारण हृदय के धमनियों में रक्त प्रवाह कम हो सकता है। हृदय रोग की समस्या होने के साथ रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) बढ़ जाता है सांस की बीमारी का भी खतरा अधिक है।

डॉ. सुधीर सिंह

तंबाकू से होने वाले कैंसर

- मुंह और गले का कैंसर
- फेफड़े का कैंसर
- स्वर तंत्र का कैंसर
- मूत्राशय का कैंसर
- आहार नाल का कैंसर
- आंतों का कैंसर

वित्तीय पक्ष : भारत में तंबाकू समस्या बहुत जटिल है क्योंकि ज्यादातर लोग विभिन्न प्रकार मध्यम आय वाले देश पर बड़ी मार डाल सकते हैं। पूरे आर्थिक बोझ में पुरुषों का योगदान 91 प्रतिशत और महिलाओं का 9 प्रतिशत है। 2020 में भारत ने सिगरेट से लगभग 356 बिलियन भारतीय रुपये का कर राजस्व एकत्र किया। भारतीय सिगरेट बाजार 2022 में 1,307.7 बिलियन भारतीय रुपये का था, और 2022 से 2027 तक 3 प्रतिशत से अधिक की चक्र वृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, इस दौरान बिक्री की मात्रा में कमी आने की उम्मीद है। तंबाकू क्षेत्र सालाना उत्पाद शुल्क राजस्व में लगभग 14,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है, जो देश के कुल उत्पाद शुल्क राजस्व का 10 प्रतिशत से अधिक है। तंबाकू क्षेत्र विदेशी मुद्रा आय में 4,400 करोड़ रुपये का योगदान देता है, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का लगभग 4 प्रतिशत है। 2022 में, तंबाकू उद्योग ने अप्रत्यक्ष राजस्व में 953.19 बिलियन रुपये और औसतन लगभग 86 प्रतिशत कर राजस्व उत्पन्न किया। 2023 से 2028 तक तंबाकू क्षेत्र के 11.94 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है। 2017 और 2018 के बीच भारत में तंबाकू से संबंधित बीमारियों और मौतों की आर्थिक लागत 1,773.4 बिलियन रुपये थी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

पं. हरि ओम शर्मा को माला पहनाकर विदाई देते स्टाफ के लोग। अमृत विचार

सीएमएस से सेवानिवृत्त हुए पं. हरि ओम शर्मा

लखनऊ, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पं. हरि ओम शर्मा करीब 50 वर्षों की सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्धन व कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम के दौरान उनको सम्मानित करते हुए विदाई दी और उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर हरि ओम शर्मा को उनकी अतुलनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएमएस के प्रधान कार्यालय के हॉल में आयोजित इस सम्मान समारोह में सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी, स्कूल प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

काउंसिलिंग में 59 चिकित्सक अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगा आरक्षण लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नॉन पीजी रेजीडेंट्स काउंसिलिंग में आरक्षण प्रमाण हुए निष्क्रिय**
- **39 ने अपने जाति प्रमाण नहीं लगाए, जबकि 20 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र हुए निरस्त**

अमृत विचार : चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय ने साल 2018 बैच के आरक्षित वर्ग के 59 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। जिन्होंने काउंसिलिंग पंजीकरण के दौरान अपना जाति प्रमाण नहीं लगाया है या गलत लगाए हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण करने वाले चिकित्सकों को अनिवार्य सेवाबांड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में बतौर नॉन पीजी रेजीडेट्स नियुक्ति के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी है, एमबीबीएस के 1902 अभ्यर्थियों में आरक्षित वर्ग के 39 ने अपने जाति प्रमाण नहीं लगाए हैं, वहीं 20 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र निरस्त हो गए हैं। इन चिकित्सकों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दो साल के नॉन पीजी रेजीडेंट्स के रूप में नियुक्ति दी जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

हजरत मदनी शाह का सालाना उर्स संपन्न

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां में मदनी शाह के दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में लोग जियारत के लिए पहुंचे। सूफियाना कौव्वाली के साथ ही शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम का समापन किया गया। निगोहां क्षेत्र के मदारीखेड़ा गांव में हजरत मदनी शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया, जिसमे गुरुवार और शुक्रवार को मजार पर संदल कार्यक्रम के बाद गागर के साथ चादर पेश की गई, जिसके बाद कौव्वाल असर और कमर वारसी ने सूफियाना कौव्वाली की महफिल में शमां बांध दी। दरगाह पर जियारत के लिए भारी संख्या में पहुंचे लोगो को दाल - रोटी वितरित की गई। दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद शादाब अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह के प्रथम गुरुवार को मदनी शाह का मुख्य उर्स मनाया जाता है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लखनऊ बालक व बालिका वर्ग की बास्केटबाल टीम। अमृत विचार

लखनऊ बास्केटबाल की बालक व बालिका टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मेरठ में आज से शुरू हो रही है राज्य स्तरीय बास्केटबाल चैंपियनशिप**

अमृत विचार: 28वीं सब जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बास्केटबाल चैंपियनशिप (अंडर-14) 1 से 7 जून तक मेरठ के मेरठ पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में लखनऊ के बालक और बालिका टीम हिस्सा लेगी। लखनऊ बास्केटबाल की बालक और बालिका की 12-12 सदस्यीय टीम की घोषणा शुक्रवार को की गई।

लखनऊ टीम : बालिका: अनुष्का पांडा, आन्या कौर, तनिष्का मिश्रा, मायरा राजौरा, अनन्या श्रीवास्तव, सुधीक्षा तिवारी, आद्या दीक्षित, अक्षरा बाजपेई, अक्षिता चौहान, खुशी यादव, अनन्या सिंह, अनुष्का राज, टीम कोच-रितेश राय, टीम मैनेजर-मीतू सिंह

बालक: इमादुल हसन, शौर्य, पानन सिंह, शुभ्रांश राय, रुद्राक्ष सिंह, अश्विन चौधरी, ईशान सिंह, निहिर यादव, शौर्य मिश्रा, आर्य वर्मा, रुद्रानंद द्विवेदी, एहतेशाम खान, कोच अभय सिंह।

बढ़ता तापमान दवाओं के लिए भी नुकसानदायक

अमृत विचार, लखनऊ: बढ़ता तापमान जीवन रक्षक दवाओं को भी नुकसान पहुंचा रहा है। दवाएं ले जाते समय मरीजों और तीमारदारों को भी सावधान रहने की जरूरत है। दवा उत्पादन और आपूर्ति के समय बढ़ता तापमान सामुदायिक फार्मासिस्टों, औद्योगिक फार्मासिस्टों, निर्माण इकाइयों और दवा ट्रांसपोर्टरों के लिए चिंता का विषय है। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि बढ़ते तापमान पर विभिन्न देशों में किए गए शोध को ध्यान में रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक परिस्थितियां बहुत अलग हैं। आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी कई असमानताएं हैं, इसलिए फार्मासिस्टों द्वारा आम जनता को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने फार्मासिस्ट फेडरेशन की एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि बढ़ते तापमान का दवाओं पर प्रभाव विषय पर नियमित सेमिनार व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एक नजर

सोशल मीडिया पर सीएम को दी गाली, मामला दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर यूपी के सीएम को गाली देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करना महंगा पड़ गया है। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। चांदा क्षेत्र के सफीपुर निवासी संजीव कुमार सिंह ने थाने पर तहरीर दी है। युवक ने बताया कि 10 मई को तातो मुरैना निवासी यासीन खान ने अपना स्टेटस अपडेट किया था। इसमें उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गाली देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। उसने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की फोटो भी लगा रखा था।

हादसे में झारखंड के श्रद्धालु की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या कोतवाली के बूथ नंबर चार के निकट सड़क हादसे में झारखंड निवासी एक श्रद्धालु की मौत हो गई। रांची के थाना सुखदेव नगर के देवी मंडप निवासी एक परिवार गुरुवार को अयोध्या आया था। सभी शुक्रवार को हाईवे पर पार कर रहे थे कि इसी दौरान एक बाइक ने वीरेंद्र शर्मा (48) को टक्कर मार दी। पत्नी सीमा ने उनको श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

सरयू में डूबने से किशोर और किशोरी की मौत

मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार : राजापुर कला गांव निवासी शफीक अहमद (15) पुत्र राजू पड़ोसी मुस्कान (18) पुत्री मोहर्रम अली के साथ शुक्रवार की सुबह सरयू नदी में मिट्टी निकालने थे। मिट्टी निकालते समय पैर फिसलने से शफीक डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दौड़ी मुस्कान भी नदी के पानी में डूब गई। हादसे में दोनों की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने दोनों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहसीलदार ने बताया कि आपदा राहत कोष से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी

प्रयागराज, अमृत विचार : बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरी आत्महत्या के मामले में शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट में अभियोजन पक्ष के गवाह और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी हो गई। 5 जुलाई को आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्रपुरी से बहस करेंगे। नरेंद्र गिरी के मामले में सुनवाई जिला अपर एव सत्र न्यायधीश अंजू कनौजिया की अदालत में चल रही है। रविंद्र पुरी ने आनंद गिरि और नरेंद्र गिरि के बीच फोन पर हुई बात की आडियो की पहचान भी कोर्ट में किया था।

नौकरी के नाम पर ठगी के आरोपी को जमानत नहीं

कानपुर, अमृत विचार : रेलवे में नौकरी के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाले जालसाज की एडीजे 26 की कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। धोखेबाज ने नौकरी के नाम पर कई युवकों को अपने जाल में फंसाया था। पीड़ित ने वर्ष 2019 में किदवई नगर थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

साक्षी के बीमार होने से कोर्ट में टल गई गवाही

कानपुर देहात, अमृत विचार : बलवंत हत्याकांड में अभियोजन साक्षी रामजी के अस्वस्थ होने से गवाही नहीं हो सकी। कोर्ट ने गवाही के लिए 12 जून की तारीख तय की है। वहीं अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह से आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व आरक्षी दुर्वेश कुमार की तरफ से पिछली तिथि में जिरह पूर्ण की गई। वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र के बयान दर्ज हो चुके हैं।

प्रशासनिक अफसर समेत 6 लोग हत्या में दोषी करार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ। गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था। गोगा ने यह बात अपने घर बताई। इसके बाद श्रीकृष्ण तिवारी (भाजपा नेता), रामकृष्ण तिवारी, राजन उर्फ़ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय कुमार गुप्ता और उनके पिता श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारीजनों ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया।

चाइनीज मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, गई जान

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर के मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। वापस आते समय हाईवे पर एलआईसी कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण बाइक से नीचे गिर गया। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी, जिसको सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कशिश को बचाने के लिए आगे आए समाजसेवी

लीवर ट्रांसप्लाट में आने वाले खर्च को बांटने में मददगार साबित हो रहे जिले के लोग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : मौत और जिंदगी ऊपर वाले के हाथ में है। लेकिन अगर सच्चे मन से प्रार्थना की जाए तो ऊपर वाला भी रहमत देता है।

दिल्ली के एम्स में मौत और जिंदगी से लड़ रही हरदोई की 22 वर्षीय बेटी कशिश के लिए सच्चे मन से की गई लोगों की एक कोशिश उसे दोबारा जिंदगी दे सकती है। इसी कड़ी में उसकी मदद के लिए जिले के समाजसेवी आगे आए हैं। तमाम स्वयंसेवी संगठन और समाजसेवियों की कोशिश है एक बेटी की जान बचाना। कोयल बाग कॉलोनी की कशिश शर्मा का लीवर ट्रांसप्लांट होना है और उसके लिए तकरीबन

अस्पताल में भर्ती कशिश।

20 लाख रुपये का खर्च बताया गया है। इतनी मोटी रकम का बंदोबस्त करना उसके पिता हरिओम के बस में नहीं था। ऐसे में कशिश को बचाने के लिए सोशल मीडिया पर शुरू की गई मुहिम ने तेजी पकड़ ली है। गुरुवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ टीटू ने गल्ला मण्डी के व्यापारियों से इकट्ठा किए गए एक लाख 12 हज़ार 500 रुपये कशिश शर्मा के पिता के ऑनलाइन बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। यही नहीं, समाजसेवी और व्यापारी ट्वीट कर इस बेटी के इलाज में सहायता करने की लोगों से अपील कर रहे हैं। कई समाजसेवियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आपका डोनेशन एक बेटी का जीवन बचा सकता है।

व्यापारियों से इकट्ठा किए एक लाख 12 हजार

व्यापार मंडल के अध्यक्ष का कहना है कि कशिश मौत और जिंदगी से जूझ रही है। डाक्टरों के मुताबिक लीवर ट्रांसप्लांट कर उसे नई जिंदगी दी जा सकती है, लेकिन उसके लिए 20 लाख रुपये लगेंगे। ऐसे में व्यापार मण्डल के सहयोग से एक लाख 12 हजार से ज्यादा की राशि इकट्ठा की गई, आगे और भी मदद की जाएगी।

पीलिया से शुरू हुई थी बीमारी

बताते है कि कशिश शर्मा को पीलिया हुआ था। उसके पिता हरिओम ने हरदोई के बाद उसे लखनऊ के डाक्टरों को दिखाया। उसके बाद उसे दिल्ली के एम्स में दिखाया तो वहां के डाक्टरों ने कशिश की ज़िंदगी बचाने के लिए लीवर ट्रांसप्लांट करने की बात कही और कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर ऐसा नहीं होता है तो उसकी जिंदगी खतरे में पड़ सकती है।

छात्र की हत्या के बाद से हरदोई में तनाव

समुदाय विशेष के छात्र ने दूसरे छात्र को मारी थी गोली, मौत के बाद से पुलिस बल तैनात

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। 12वीं के छात्र की हत्या के एक दिन बाद भी पाली कस्बे में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसके चलते पुलिस ने एहतियात के तौर पर बाजार बंद करा दिया है। कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस अब भी तैनात है। मृतक छात्र के ताऊ ने तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है।

गुरुवार की शाम को पाली थाने के इस्माइलपुर निवासी संजय सिंह के पुत्र युवराज सिंह को बिरहाना में वहीं के अदनान ने तमंचे से गोली मार दी थी। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में 12वीं के छात्र युवराज को सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की हत्या होने से पाली में तनाव फैल गया। मामला बढ़ते देख भारी मात्रा में पीएसी भी बुला ली गई। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा व सीओ हरपालपुर रविप्रकाश अब भी घटनास्थल पर तैनात हैं। छात्र युवराज के ताऊ महेंद्र सिंह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा के साथ गुरुवार देर शाम थाने पहुंचे। तहरीर में कहा कि युवराज अपने साथी प्रांजल और ओमवीर के साथ पाली आया था, जहां बाजार निवासी जुबैर ने उसके सीने पर तमंचा सटा कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। तहरीर में जुबैर के अलावा जुनैद और अदनान भी शामिल था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का केस किया है।

छात्र की हत्या के बाद पाली कस्बे में बंद दुकानें।

पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार

पूरे दिन हंगामे के बाद देर शाम अधिकारियों के समझाने पर परिजन व प्रदर्शनकारी अंतिम संस्कार को राजी हुए। मृतक का अंतिम संस्कार फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर भारी संख्या के बीच किया गया।

6 इंस्पेक्टर व 25 एसआई को सौंपी गई कमान

कस्बे में बढ़ते तनाव को देखते हुए एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह के साथ एसएचओ शाहाबाद राजदेव मिश्रा, एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण तिवारी, एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी, एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी, एसएचओ सवायजपुर शेषनाथ सिंह और एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज के साथ 25 एसआई (अंडर ट्रेनिंग) 38 हेड कांस्टेबिल व कांस्टेबिल और 13 महिला कांस्टेबिल को तैनात किया गया। युवराज सिंह की देर शाम मौत होने के बाद शव को वहीं मर्चरी में रखवा दिया गया था। शुक्रवार को एसएचओ कोतवाली शहर संजय ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए वहीं उसका एक्स-रे कराया।

लड़की को लेकर मृतक व आरोपी में हुआ था विवाद

शुक्रवार दोपहर को पाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी ने बताया कि बीते कुछ दिन पूर्व एक लड़की से बात करने को लेकर आरोपी और मृतक के बीच विवाद हुआ था, जिसमें सुलह समझौता भी करा दिया गया था, लेकिन गुरुवार को एक बार पुन: दोनों में विवाद हो गया और आरोपी ने युवराज को गोली मार दी। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली- गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामला शुक्रवार का है। नीरज त्रिपाठी की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के खिलाफ विभिन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि एक सपा कार्यकर्ता ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने फोन करके अपशब्दों का प्रयोग किया। जान का खतरा जताते हुए नीरज ने थाने में तहरीर दी। तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रामलला का दर्शन करने के बाद चिराग पासवान व उनका परिवार। अमृत विचार

रामलला का दर्शन कर धन्य हो गया: चिराग

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैं यहां मौजूद था। मैं भाग्यशाली हूं। उसी दिन से थी मन में पूरे परिवार के साथ प्रभु राम का दर्शन करने की जो इच्छा थी वह आज पूरी हो गई। दर्शन कर मैं धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश की आबादी प्रधानमंत्री पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। कहा कि 400 पार का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग प्राप्त करेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें हमें मिल रहीं हैं।

युवराज हत्याकांड के आरोपी का सहयोगी मुठभेड़ में घायल

संवाददाता हरदोई

अमृत विचार। युवराज हत्याकांड के आरोपियों के सहयोगी कामरान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। कामरान के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दो कांस्टेबल भी जख्मी हुए हैं। पुलिस का दावा है कि कामरान ने ही हत्यारोपियों तक तमंचा पहुंचाया था। गुरुवार की देर रात को इस मामले में तीन हत्यारोपियो जुबैर, जुनैद और अदनान के खिलाफ 302 का केस दर्ज हुआ था। आरोपियों का एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की भी तैयारी है। इसी बीच शुक्रवार देर शाम बाबू खां के ईंट-भट्ठे के पास भागने की

मुठभेड़ के बाद बरामद तमंचा।

फिराक में छिपे आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिससे नामजद आरोपी का सहयोगी पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो गया। साथ ही दो कांस्टेबिल जयपाल व विनय कुमार भी ज़ख्मी हुए। पुलिस ने मुठभेड़ में ज़ख्मी हुए युवक का नाम कामरान पुत्र सब्बुल निवासी मोहल्ला मलिकाना पाली बताया है। अन्य नामजद आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी का एनकाउंटर और घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग

पंथवारी देवी मंदिर पर मृतक छात्र के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व क्षेत्र से आए लोग युवराज की तस्वीर और जस्टिस फॉर युवराज लिखी तख्ती लेकर सड़क पर निकल पड़े। उन्होंने आरोपी के एनकाउंटर और घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए हंगामा काटा। इस दौरान प्रशासन के हाथ पैर फूल गए, मौके पर एसडीएम सवायजपुर और एसडीएम शाहाबाद के अलावा एएसपी और तीन सर्कल के सीओ सहित कई थानों का पुलिस फोर्स पहुंचा और स्थिति को संभाला। हालत बिगड़ते देख भारी मात्रा में पीएसी भी बुला ली गई। सड़कों पर उतरे लोगों ने इस दौरान जमकर बवाल भी काटा और कई गाड़ियों को निशाना बनाया, साथ ही फुटपाथ पर रखी गुमटियों आदि में भी तोड़फोड़ की। प्रशासन ने सुबह से ही पूरी मार्केट को बंद करा दिया था।

मंत्री संजय निषाद पर हमले के आरोपियों की जमानत

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान हमला हो गया था। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित सभी आरोपियों को एक माह बाद गुरुवार को न्यायालय ने जमानत दे दिया।

खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद के पुत्री की 21अप्रैल को शादी थी। इस समारोह में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद भी शामिल होने पहुंचे थे। इसी बीच द्वारपूजा के बाद वे वरबधु को आशीर्वाद देने पहुंच गए। मंत्री स्टेज के सामने बैठ कर गांव वालों से चर्चा कर ही रहे थे कि तभी कुछ लड़के मगहर कटसहरा मार्ग के निर्माण को लेकर मंत्री से उनके बेटे क्षेत्रीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद द्वारा पांच साल के कार्यकाल में नहीं कराए जाने की शिकायत की। इस विवाद में हाथापाई के दौरान कैबिनेट मंत्री की नाक पर चोट लगने से वह घायल हो गए थे। उनके पीआरओ की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन, दुर्विजय यादव, सुरेंद्र यादव और जय प्रकाश यादव, सुभाष चन्द यादव पुत्र रामकवल यादव, गजेंद्र यादव समेत तमाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

फिल्म ताजमहल में परेश रावल करेंगे रोल

अयोध्या, अमृत विचार: ताजमहल पर परेश रावल को लेकर बनने जा रही फिल्म को अयोध्या के रहने वाले किनौली ग्राम के विकास राधेश्याम तिवारी प्रोड्यूस करेंगे। आगरा के विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के इतिहास को पूर्ण रूप से लोगों के सामने रखने वाली फिल्म द ताज स्टोरी की शूटिंग 20 जुलाई से शरू होने जा रही है। जिसकी जानकारी खुद अभिनेत परेश रावल ने सोशल मीडिया पर लोगों को दी। अयोध्या के छोटे से गांव किनौली से ताल्लुक रखने वाले विकास राधेश्याम तिवारी फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। उनके अनुसार इस फिल्म का एक हिस्सा अयोध्या में भी शूट होना है। विकास तिवारी का कहना है कि उनके पिता राधेश्याम तिवारी भूतपूर्व सैनिक हैं।

वाहन की ठोकर से परिवार के तीन लोगों की गई जान

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

अमृत विचार। शुक्रवार को एक अनियंत्रित वाहन ने बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों में टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में थाना कमरौली के समीप (इंडोरामा) रेलवे क्रॉसिंग का फाटक शुक्रवार रात करीब 3 बजे ट्रेन आने के चलते बंद था। क्रॉसिंग के पास कई वाहन सवार फाटक खुलने का इंतजार कर रहे थे। तभी एक अनियंत्रित कंटेनर ने वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लाइन में खड़े आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में देवा शरीफ, बाराबंकी से दर्शन कर लौट रहे कार सवार भी चपेट में आए गए। कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को सीएचसी जगदीशपुर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने अदनान (11), फातिमा (13), आफरीन (14) निवासी ग्राम नटौली मजरे पारा बाजार बल्दीराय थाना, सुलतानपुर को मृत घोषित कर दिया।

किन्नर हत्याकांड में शामिल दो किन्नरों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत दो साल पहले हुए बहुचर्चित मुस्कान किन्नर हत्याकांड के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने इसमें शामिल दो किन्नरों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए। साथ ही इन पर 33-33 हजार का जुर्माना भी लगाया। वहीं हत्याकांड की मास्टर माइंड बताई गई रूबी किन्नर अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बबरअली खेड़ा मोहल्ला निवासी मुस्कान किन्नर की 30 जुलाई-

2022 की रात गोली मारकर हत्या हुई थी। मुस्कान के साथ शिष्य बन कर रह रही मुरादाबाद जिला निवासी किन्नर रूबी, मथुरा की सलोनी व झांसी की अन्नू पर मथुरा के थाना चंद्रावली के यमुनापल्ली लक्ष्मीनगर निवासी उसके पति सोनू किन्नर ने तीनों के विरुद्ध पत्नी की हत्या और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद मुस्कान के घर की सघन तलाशी जांच की गई थी लेकिन, कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा था। इसी दौरान हत्यारों तक पहुंचने में जुटी पुलिस को सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस हुई थी। इस पर पुलिस टीमों ने अलग-अलग जिलों से नामजद किन्नर सलोनी उर्फ संदीप व किन्नर अन्नू उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लूटा गया सोना, चांदी व नगदी बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन एसएचओ सफीपुर अवनीश सिंह ने जांच के बाद दोनों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए एक नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

बंगले में मिले दो सगी वृद्ध बहनों के शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में इंद्रा पार्क के पास शुक्रवार दोपहर एक बंगले की दूसरी मंजिल पर फर्श पर दो सगी वृद्ध बहनों के शव पड़े पाए गए। रोज की तरह सब्जी विक्रेता सब्जी देने के लिए उन्हें बुलाने गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजे में लगे शीशे से अंदर झांका तो शव पड़े होने का पता चला। सब्जी विक्रेता ने घटना की सूचना प्रथम मंजिल में रहने वाले उनके भतीजे को दी। भतीजे के अनुसार एक बुआ का शव लॉबी में पड़ा था जिनके पैर तक कपड़े उठे थे, वहीं दूसरी बुआ का शव रसोईघर में पड़ा था।

पांडुनगर स्थित इंद्रा पार्क के पास बंगले की पहली मंजिल पर रहने वाले आलोक सिंह चंदेल ने पुलिस को बताया कि उनका कानपुर यूनिवर्सिटी से प्रकाशन का कारोबार है। ग्राउंड फ्लोर पर उनके भाई सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल के परिवार में पत्नी अपर्णा और बेटे रोहन और नैंसी के साथ रहती हैं। प्रथम मंजिल पर वह अपनी पत्नी अर्पिता और बेटे हर्ष और समर के साथ रहते हैं। पिता चंद्रवीर सिंह चंदेल का इसी वर्ष फरवरी में निधन हो गया था।

उपलब्धि | 10 अक्टूबर 1975 में हुई थी नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्थापना

अस्सी के दशक में शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : धान, गेंहू, फल और सब्जियों की नई प्रजाति देने वाले नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी उतकृष्टता साबित कर दी। उसे नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिली। यह ग्रेड पाने वाला वह देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया।

कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 10 अक्टूबर 1975 में हुई थी। अस्सी के दशक में विवि ने शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया। जानकार बताते हैं कि इस दौरान धान, गेंहू, बेल, आंवला, आम के साथ ही

सब्जियों के क्षेत्र में कई नई प्रजातियों को जन्म दिया। जो किसानों को ज्यादा उपज देती हैं। आज भी यह चर्चित है। लेकिन नैक की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को नहीं मिली थी। विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, प्रसार, संसाधन एवं समन्वय के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. डीके दिवेदी कहते हैं कि नैक की तैयारी को लेकर कुलाधिपति ने आठ बार और कुलपति ने 120 बार बैठकें की। तैयारी की समीक्षा की। इसके बाद यह बड़ी सफलता मिली। विवि के को-आर्डिनेटर डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने कुलपति के कुशल मार्गदर्शन और सभी सातों क्राइटेरिया के चेयरमैन और सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

क्या है ग्रेडिंग प्रक्रिया

नैक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का हिस्सा है। इसका काम देशभर के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, निजी संस्थानों में गुणवत्ता को परखना और उनको रेटिंग देना है।

विवि के खाते में दर्ज है कई उपलब्धियां

विश्वविद्यालय के खाते में कई उपलब्धियां दर्ज है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने साल 2020 में पदभार ग्रहण किया। तब से राष्ट्रीय कृषि शिक्षा बोर्ड से मूल्यांकन, आईसीएआर एवं एनआईआरएफ रैंकिंग में सफलता, आईक्यूएसी, शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली एवं ई-गवर्नेंस प्रणाली की स्थापना की गई। विवि में नए पाठ्यक्रमों और गोंडा में कृषि महाविद्यालय की शुरुआत, 579 नए विषयों का संचालन और 52 फीसदी पाठ्यक्रमों में स्थानीय एवं वैश्विक जरूरत के अनुसार संशोधन, नई शिक्षा नीति 51 मूल्य-वर्धित पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई। 52 आईसीटी आधारित कक्षाओं की स्थापना की गई।

ट्रैफिक ब्लॉक के कारण कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल ट्रैफिक ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन आरसीसी बॉक्स पुशिंग कार्य के लिए दिल्ली मंडल पर दिल्ली अंबाला खंड पर पानीपत-बाबरपुर स्टेशनों के बीच यातायात ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से निम्नानुसार विनियमित किया गया। ट्रेन नं. 14034 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-दिल्ली एक्सप्रेस जेसीओ 31 मई को 120 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। ट्रेन नं. 12414 जम्मूतवी-अजमेर पूजा एक्स. जेसीओ 31मई 2024 को 110 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। ट्रेन नं. 4054 दौलतपुर चौक-दिल्ली एक्सप्रेस -डीएलआई जेसीओ 31 मई को 65 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। ट्रेन नं. 12312 कालका-हावड़ा मेल जेसीओ 31 मई 2024 को 20 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

डीआरएम को अचानक सामने खड़े देख सकते में आया स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। डीआरएम लखनऊ मंडल एसएन शर्मा ने अजगैन रेलवे स्टेशन का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षित व सुरक्षित रेल परिचालन का जायजा लेते हुए ऑन ड्यूटी स्टाफ से संवाद करते हुए आवश्यक चीजों को समझा।

गर्मी के प्रतिकूल मौसम में पटरियों सहित अन्य उपकरणों में आने वाली खराबियों के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने मातहत अधिकारियों को स्टेशनों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी कर

सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण करते डीआरएम एसएन शर्मा। अमृत विचार

रखे हैं। इसी क्रम में क्रास चेकिंग के लिए वे खुद भी रात्रि निरीक्षण पर निकल रहे हैं। इसके चलते बीती गुरुवार रात डीआरएम अजगैन रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम को अचानक स्टेशन पर देख वहां ड्यूटी पर तैनात एएसएम सहित अन्य स्टाफ सकते में आ गया। हालांकि, उच्चाधिकारी ने इसे रुटीन का हिस्सा बताते हुए कर्मियों से संरक्षा उपायों से संबंधी सवाल करने शुरू कर दिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

संपादकीय

शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

प्रसंगवश

ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

सोशल फोरम

एक स्वस्थ्य समाज के लिए

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है

अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

एक नजर

कल्याण ज्वेलर्स का एसी फटा, तीन कर्मचारी झुलसे

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडरी रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम में शुक्रवार को भीषण गर्मी की वजह से शोरूम का एसी फटने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया तथा दो अन्य को मामूली चोटें आईं। बताया जा रहा है कि कर्मचारी करीब 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।धमाका इतना तेज था कि शोरूम के शीशे चकनाचूर हो गए और पूरा शोरूम धुएं के गुबार से भर गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को पुलिस ने मारी गोली

गुवाहाटी। असम के होजई जिले में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने भागने की कोशिश करते समय गोली मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात को रामसिंह गांव से 10 पेटी हेरोइन के साथ सहाबुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि थाने ले जाते समय उसने भागने की कोशिश की जिसके बाद उसे रोकने के लिए पुलिस ने गोली चला दी जो उसके पैर में लगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे गोली लगने के बाद नागांव मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रायगढ़ अस्पताल में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फीमेल वार्ड के शौचालय में एक महिला फंदे पर लटकी मिली। बताया जा रहा है कि मृतका किसी मरीज के साथ अटेंडेंट थी। शुक्रवार की सुबह जब मरीज शौचालय की ओर गये तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक किसी के बाहर नहीं आने पर लोगों ने दरवाजा खटखटाया। खिड़की से झांक कर देखने पर भीतर एक महिला का शव फांसी पर लटकता दिखा।

असम में बाढ़ से दो लाख से अधिक प्रभावित

रेमल के प्रभाव के चलते अब तक बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से छह लोगों की हो चुकी है मौत

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में शुक्रवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर है और चक्रवात रेमल के प्रभाव के चलते लगातार हुई बारिश के कारण नौ जिलों में दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 28 मई से राज्य में बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से कुल मिलाकर छह लोगों की मौत हो गई। नागांव, करीमगंज, हैलाकांडी, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, कछार, होजाई, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिले इस प्राकृतिक आपदा से गंभीर रूप से प्रभावित हुए। मेघालय के लमस्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 का 20 मीटर हिस्सा बह जाने से बराक घाटी के कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों का राज्य के अन्य हिस्सों और पूर्वोत्तर क्षेत्र से सड़क संपर्क टूट गया है और वाहन फंसे हुए हैं। कछार में सबसे अधिक 1,12,246 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, इसके बाद करीमगंज में 37,000, होजई में 22,058 और हैलाकांडी में 14,308 लोग प्रभावित हैं। बाढ़ की वजह से 3238.8 हेक्टेयर फसल क्षेत्र भी जलमग्न हो गया है, जबकि 2,34,535 जानवर प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां और इनकी सहायक नदियां बाढ़ प्रभावित जिलों में कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कुल मिलाकर 35,640 प्रभावित लोगों ने 110 राहत शिविरों में शरण ली है, जिनमें से सबसे अधिक 19,646 होजई में, इसके बाद कछार में 12,110, हैलाकांडी में 2,060 और करीमगंज में 1,613 लोग राहत शिविरों में हैं। अधिकारियों ने कहा कि बराक घाटी और दीमा हसाओ के तीन जिलों में जनजीवन ठप हो गया।

बाढ़ प्रभावित इलाके से सुरक्षित स्थान पर जाते लोग।

▸▸ ब्रह्मपुत्र और बराक समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

समय से पहले पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय से पहले असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य हिस्सों में प्रवेश कर गया है। आईएमडी ने अगले दो दिनों में गोलपाड़ा, बोंगाईगांव, सोनितपुर, बिश्वनाथ, डिब्रूगढ़, करीमगंज, कछार, हैलाकांडी, दीमा हसाओ, धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है।

होर्डिंग हादसा : पूर्व निदेशक की जमानत याचिका खारिज

मुंबई, एजेंसी

- 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की हो गई थी मौत

मुंबई की एक अदालत ने शुक्रवार को उस विज्ञापन कंपनी की पूर्व निदेशक जान्हवी मराठे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसने 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग लगाया था, जिसके गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी।

यद्यपि मराठे ने दावा किया कि वह होर्डिंग अनुबंध में केवल हस्ताक्षर करने वाली प्राधिकारी थी, लेकिन पुलिस ने अदालत को बताया कि ढही हुई संरचना के निर्माण में उनकी प्रत्यक्ष और सक्रिय भागीदारी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश सासने ने उनकी याचिका खारिज कर दी। हालांकि, विस्तृत आदेश अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। मराठे ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका में दावा किया कि वह होर्डिंग लगाने वाली कंपनी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक इसकी स्थापना के समय से ही थी, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2023 में इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने दावा किया कि ध्वस्त हुई होर्डिंग ईगो मीडिया के वर्तमान निदेशक भावेश भिंडे की निगरानी में 2023 में लगाई गई थी। भिंडे मुख्य आरोपी हैं और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें के इस मामले में बलि का बकरा बनाया गया है, जबकि भिंडे मुख्य अपराधी हैं।

नाच रहे बुजुर्ग की दिल का दौरा पड़ने से मौत

इंदौर (मध्य प्रदेश), एजेंसी

- परिवार ने मृतक की आंखें और त्वचा की दान

इंदौर में एक योग शिविर के दौरान सेना जैसी वर्दी में देशभक्ति गीत पर नाचते वक्त दिल का दौरा पड़ने से 73 वर्षीय व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हो गई। योग शिविर के आयोजक ने यह जानकारी दी।

शहर के फूटी कोठी क्षेत्र में योग शिविर के आयोजन से जुड़े राजकुमार जैन ने बताया कि बलवीर सिंह छाबड़ा (73) अपने समूह के लोगों के साथ विशेष प्रस्तुति के लिए शिविर में आए थे और सेना जैसी वर्दी पहनकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेकर नृत्य कर रहे थे। नाचते-नाचते छाबड़ा अचानक जमीन पर बेसुध होकर गिर पड़े। शुरुआत में लगा कि वह दुश्मन की गोली लगने से शहीद होने का अभिनय कर रहे हैं, लेकिन जब वह एक मिनट तक नहीं उठे, तो हमें संदेह हुआ। उन्हें सीपीआर दिया, तो वह उठकर कुर्सी पर बैठ गए और पूछने लगे कि उन्हें अचानक क्या हो गया था? जैन के मुताबिक कथित तौर पर दिल के दौरे के बाद छाबड़ा को तुरंत नजदीक के अरिहंत असपताल ले जाया गया जहां ईसीजी और अन्य जांचों के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

लोस चुनाव के दौरान बीएसएफ ने भारत पाकिस्तान सीमा से बरामद किए 60 ड्रोन

चंडीगढ़, एजेंसी

देश में पिछले ढाई माह से जारी लोकसभा चुनाव के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत पाकिस्तान सीमा पर लगभग 60 ड्रोन या तो गिराए या बरामद किए।

बीएसएफ ने शुक्रवार को कहा कि उसने पंजाब के तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाकों से मादक पदार्थ (मेथामफेटामाइन) सहित चीन निर्मित दो ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ ने कहा कि मानव रहित ड्रोन जिले के सीबी चंद और कलसियां बरामद किए गए। पंजाब की 13 लोकसभा सीट पर शनिवार को मतदान होना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से बीएसएफ के जवानों ने लगभग 60 ड्रोन बरामद किए हैं या उन्हें गिरा दिया है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आने वाले सबसे ज्यादा ड्रोन पंजाब सीमा से बरामद किए गए जबकि कुछ को राजस्थान सीमा पर रोका गया। भारत-पाकिस्तान सीमा भारत के पश्चिमी इलाके में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से गुजरती है। पंजाब की 553 किलोमीटर सीमा पाकिस्तान से लगती है।

चिंताजनक

- सबसे ज्यादा ड्रोन पंजाब सीमा से किए बरामद
- बीएसएफ की मुस्तैदी के चलते मिली सफलता

गड्ढे में डूबकर दो किशोरियों की मौत

फतेहगंज पश्चिमी(बरेली)

अमृत विचार : गर्मी में पानी कम होने से उथली रामगंगा को पार कर जिस रास्ते लोग रोज अपनी फसल देखने जाते थे, उसी रास्ते पर सिंचाई विभाग के ठेकेदार ने रातोंरात मौत का गड्ढा तैयार कर दिया। शुक्रवार को अपनी फसल देखने जा रहीं तीन किशोरियां इस गड्ढे में डूब गईं। एक को तो लोगों ने किसी तरह निकालकर बचा लिया लेकिन बाकी दोनों की मौत हो गई। ठेकेदार की करतूत पर गांव वालों में भारी गुस्से का माहौल है।

घटना शुक्रवार सुबह गांव गौतारा टोला के पास हुई। गांव की प्रेम गौंटिया में रहने वाले मनोहर लाल की 17 वर्षीय बेटी मंगला सुबह रामगंगा पार अपनी फसल देखने गई थी। साथ में भोजीपुरा के गांव वीरपुर निवासी रिश्तेदार अनिल गंगवार की 10 वर्षीय बेटी सलोनी और देवरनियां के गांव कासमपुर के मांसीलाल की 15 वर्षीय बेटी कुसुम को भी ले गई। लौटते समय तीनों रामगंगा में खनन की वजह से हुए गहरे गहरे गड्ढे में डूब गईं। गड्ढा काफी गहरा होने की वजह से वे जैसे-तैसे मंगला को ही जीवित निकाल पाए। सलोनी और कुसुम को जब तक निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

एआई को असल काबिलियत पर हावी नहीं होने देना है

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय सर्कस महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्तार अब्बास नकवी ने किया संबोधित

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को असली काबिलियत-कौशल पर हावी होने से बचाने की जरूरत है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने यहां अंतर्राष्ट्रीय सर्कस महोत्सव में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रौद्योगिकी असली काबिलियत को बंधक नहीं बना सकती। उन्होंने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माहौल में कला, काबिलियत और कौशल से इसका सीधा मुकाबला है। उन्होंने कहा कि हमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को असली काबिलियत-कौशल पर हावी होने से बचाना है। नकवी ने कहा कि सर्कस कला को प्रोत्साहन वक्त की जरूरत है, ताकि यह कला फिर से ऊंचाइयों को छू सके।



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत मतदान के लिए शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित दुनिया के सबसे ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र ताशीगंग में मतदान अधिकारियों की टीम पहुंची। ताशीगंग मतदान केंद्र समुद्र तल से 15 हजार 256 फीट की ऊंचाई पर है। यहां कुल 62 मतदाता हैं। यहां पहुंचने के लिए बेहद दुर्गम रास्तों से गुजरना पड़ता है और यहां मोबाइल कनेक्टिविटी भी नहीं है। :एजेंसी

नमामि गंगे परियोजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने मिशन गंगा का नाम बदलकर नमामि गंगे किया, गंगा अब भी मैली

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसे वाराणसी की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि निवर्तमान प्रधानमंत्री का निवर्तमान सांसद भी बनना तय है।

वाराणसी संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा। यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन की तरफ से अजय राय को उम्मीदवार बनाया गया है। रमेश ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी 10 साल से यहां के सांसद हैं। गंगा को साफ करने के वादे के 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, सत्ता में आने के तुरंत बाद उन्होंने, 2009 से चल रहे मिशन गंगा का नाम बदलकर नमामि गंगे किया। मिशन गंगा के दो प्रमुख उद्देश्य थे निर्मल गंगा और अविरल गंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने के उद्देश्य को पूरी तरह से त्याग दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार ने गंगा पर राज्य और केंद्र सरकार की पहल के समन्वय के लिए 2009 में राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना की थी। रमेश ने दावा किया, इस महत्वपूर्ण संस्थान को भी प्रधानमंत्री ने पहले राष्ट्रीय गंगा नदी परिषद का नाम दिया और फिर 10 वर्षों के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गंगा परिषद की 10 वर्षों में केवल 2 बार बैठक हुई है।

घाटी देश के बाकी हिस्सों से जल्द जुड़ेगी दस दिन में अधिकारियों की करें नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी प्रधान विभागाध्यक्षों को लिखा पत्र

उत्तर रेलवे ने सभी प्रधान विभागाध्यक्षों (पीएचओडी) को एक पत्र भेजकर उनसे एक निर्माण कंपनी से एक प्रमुख रेल खंड को सुचारू रूप से अपने हाथों में लेने के लिए कश्मीर घाटी में कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करने का आग्रह किया है।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा 29 मई 2024 को लिखे एक पत्र में कहा गया है, 'संगलदान-श्रीनगर-बारामूला खंड पर ट्रेन सेवा चालू है और जल्द ही संगलदान-एसवीडीके (माता वैष्णो देवी कटरा) के बीच खंड के चालू होने की संभावना है, जिससे कश्मीर घाटी देश के बाकी हिस्सों से (रेलसेवा से) जुड़ जाएगी। ऐसे में, यह बहुत जरूरी है कि इस रेलखंड के संचालन और रखरखाव के लिए सक्षम अधिकारियों को श्रीनगर-बडगाम में तैनात किया जाए ताकि निर्माण ईकाई से इस रेलखंड का सुचारू हस्तांतरण हो। इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, उत्तर रेलवे ने सभी पीएचओडी को अगले 10 दिनों में घाटी में सक्षम जेएजी (कनिष्ठ प्रशासनिक समूह के) अधिकारियों को तैनात करने का आग्रह किया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, दिसंबर 2024 तक संगलदान-एसवीडीके रेलखंड पर ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। एक रेलवे अधिकारी ने कहा, हम परिचालन शुरू करने से पहले सभी एहतियात बरतना चाहते हैं क्योंकि कटरा और रियासी स्टेशनों के बीच टी1 सुरंग में अब भी कुछ चुनौतियां हैं जिन्हें हम हल करने की कोशिश कर रहे हैं। रेलवे अधिकारी ने कहा, माता वैष्णो देवी कटरा (एसवीडीके) स्टेशन पहले से ही देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़ा हुआ है और संगलदान-एसवीडीके रेलखंड के खुल जाने के बाद कश्मीर घाटी देश के बाकी हिस्सों से (ट्रेन सेवा से) जुड़ जाएगी।

फैक्ट्री में गोली लगने से गार्ड की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक माह बाद शुक्रवार को ड्यूटी पर आए थे उमेश चौहान
- निजी बंदूक को जांचते समय हुई घटना, सीने में जा धंसी गोली

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में लाकड़ी फाजलपुर स्थित डायनेमिक एक्सपोर्ट फर्म में शुक्रवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड की गोली लगने से मौत हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

प्रकाश नगर लाइन पार निवासी उमेश चौहान शुक्रवार सुबह अपनी बंदूक लेने के लिए गार्ड रूम में गए थे। बंदूक मिलने के बाद उसे जांचते समय फायर हो गया। सीने में गोली लगने के कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। फैक्ट्री के मुख्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि उमेश लंबे समय से बीमार चल रहा था। 5 मई के बाद वह ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। उधर, मृतक के बेटे अमित चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे एक्सपोर्ट फर्म से उनके पास फोन आया कि उमेश का एक्सीडेंट हो गया। उन्होंने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाने का अनुरोध भी किया था। वह एक्सपोर्ट फर्म में दोपहर एक बजे पहुंचे तो देखा कि उनके पिता खून से लथपथ पड़े थे। अमित ने फर्म के लोगों को अपने पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराया। आरोप लगाया कि यदि साथी कर्मचारी या फर्म मालिक उनके पिता को समय रहते अस्पताल पहुंचाते तो, उनकी मौत न होती। उनके पिता फर्म में दो साल से सिक्योरिटी गार्ड का काम कर रहे थे।

तथ्यों की हो रही जांच : एसपी सिटी

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि उमेश मूलरूप से मैनपुरी का रहने वाला था। सागर सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से वह एक्सपोर्ट फर्म में सिक्योरिटी कर्मी थे। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी पर आए तो वहां सिक्योरिटी इंचार्ज से अपनी बंदूक प्राप्त की। इसके बाद उसे जांच रहे थे, तभी उस बंदूक से फायर हो गया और गोली उमेश के लगी। जिससे उनकी मौत हुई है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध बैग मिला, हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी

- बम निरोधक दस्ते ने की जांच, बैग में मिलीं ब्लास्ट सिमुलेशन गेंद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय अफरातफरी मच गयी जब कूड़े के डिब्बे में मिले एक संदिग्ध बैग को लेकर बम की अफवाह फैल गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक बम निरोधक दस्ते को घटनास्थल पर भेजा गया और बैग की जांच की गई, हालांकि उसमें कोई विस्फोटक नहीं मिला। उन्होंने बताया कि टीम ने बैग से दो ब्लास्ट सिमुलेशन गेंद बरामद कीं, जिनका उपयोग रक्षा प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए किया जाता है और ये घातक नहीं हैं तथा इनमें कोई महत्वपूर्ण विस्फोटक सामग्री नहीं होती है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें शाम करीब साढ़े छह बजे रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ एक लावारिस बैग मिलने की सूचना मिली। पुलिस के मुताबिक कूड़ेदान में मिले संदिग्ध बैग की पुलिस और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने जांच की। बैग में कोई विस्फोटक नहीं मिला और इससे कोई खतरा भी नहीं है।

कुप्रबंधन से बेपटरी हुई चारधाम यात्रा : माहरा

संवाददाता, रानीखेत

- विपक्ष ने राज्य सरकार पर किया हमला बोले- यात्रा मार्ग पर जाम से यात्री परेशान

अमृत विचार : चारधाम यात्रा सरकार के भारी कुप्रबंधन एवं सरकारी अव्यवस्था के चलते बेपटरी हो गई है। यात्रा में भारी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए सरकार की ओर से सुनियोजित व्यवस्था नहीं होने से अभी तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके लिए सरकार और उसके अधिकारी जिम्मेदार हैं। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पत्रकारों से हुई बातचीत में कही।

प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि सोशल मीडिया, अखबारों व न्यूज चैनलों में वायरल हो रहे सरकारी कुप्रबंधन के वीडियो से उत्तराखंड की छवि विश्व भर में धूमिल हो रही है। यात्रा रूट पर पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा एवं रहने खाने की व्यवस्था नहीं होने से लोग बेमौत मर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। 40-40 घंटे जाम से आम जन त्रस्त हो गए हैं।

वैश्विक धरोहर फूलों की घाटी का आज से कर सकेंगे दीदार

चमोली। पर्यटन सीजन के बीच एक अच्छी खबर है कि चमोली जिले में 87 वर्ग किमी में फैली और यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल खूबसूरत फूलों की घाटी का पर्यटक आज से दीदार कर सकेंगे।

अधिकारियों के अनुसार, फूलों की घाटी 1 जून से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। फूलों की घाटी में लगभग एक दर्जन प्रजाति के फूल खिल चुके हैं जबकि मानसून सीजन में यहां 300 से अधिक प्रजाति के फूल खिलते हैं। वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि घाटी में बर्फबारी अच्छी हुई है, इसलिए फूलों के खिलने की उम्मीद है। अब तक रतनजोत, वज्रदंती समेत कई प्रजाति के फूल खिल चुके हैं।

एनसीसी जवान की सरयू में डूबने से मौत

बागेश्वर, एजेंसी

श्याम राणा (फाइल फोटो)

एनसीसी 81वीं बटालियन बिलौना में तैनात एक जवान की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। नदी में डूबने के बाद साथियों ने उन्हें नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार श्याम राणा (32 वर्ष) पुत्र विष्णु राणा निवासी हिमाचल प्रदेश जनपद के बिलौना स्थित 81 एनसीसी बटालियन में तैनात था। वह शुक्रवार को भोजन के बाद अपने साथियों के साथ सरयू तट पर गया था। गर्मी से बचने के लिए वह नदी में एक पत्थर पर बैठ गए और पैर पानी में डाल लिए। अचानक फिसल जाने से श्याम नदी में गिर गए। उनके साथियों ने उन्हें नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रविंद्र भंडारी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

गंगोत्री हाईवे पर टूटी चट्टान, एक की मौत

ब्यूरो, उत्तरकाशी/देहरादून

चट्टान टूटने से मलबे की चपेट में आया वाहन।

- चारधाम यात्रा मार्ग पर हुआ हादसा, तीन घायलों को एयरलिफ्ट कर भेजा गया हायर सेंटर

अमृत विचार : चारधाम यात्रा रूट उत्तरकाशी-गंगोत्री हाईवे के पास डबरानी में अचानक चट्टान टूट गई। चट्टान के मलबे व पत्थरों के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बचाव टीम ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। चट्टान टूटने की वजह डबरानी के पास पहाड़ी में आग लगना बताई जा रही है।

शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में एक पहाड़ी पर आग लगी हुई थी। इस बीच अचानक चट्टान टूटकर गिर गई। इससे पहाड़ी के नीचे से गुजर रहे वाहन व राहगीर मलबे व पत्थरों के नीचे दब गए। हादसे में कई वाहन और व्यक्ति मलबे में दब गए। हादसे की सूचना पर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव व राहत अभियान शुरू किया। बचाव दलों ने छह लोगों को मलबे में से निकाला। इनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि पांच लोग घायल थे जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल पहुंचाया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम मंडल के मुताबिक घायलों में तीन की हालत गंभीर थी जिन्हें एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजा है।

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि राहत एवं बचाव टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को मलबे से निकाला। हादसे में एक की मौत और पांच घायल होने की सूचना है। चट्टान से पत्थर गिर रहे थे इसलिए हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया था। इस वजह से गंगोत्री से हर्षिल के बीच में 500 वाहन फंस गए थे। मार्ग से बोल्डर हटवा कर मार्ग को आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की पोषणीयता पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं की पोषणीयता को लेकर शुक्रवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन विभिन्न याचिकाओं की पोषणीयता की सुनवाई कर रहे हैं। यह विवाद मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में मथुरा में स्थापित शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है,

▸▸ 18 विभिन्न याचिकाओं की पोषणीयता पर न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन कर रहे हैं सुनवाई

जिसका निर्माण भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली पर कथित तौर पर एक मंदिर को तोड़ने के बाद किया गया था। इससे पहले गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसलीमा अजीज अहमदी ने कोर्ट में कहा था कि ये वाद पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 और कुछ अन्य कानूनों के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित है। अहमदी ने यह भी तर्क था कि ये वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किये गये हैं। दलील में यह भी कहा गया है कि वाद में किया गया अनुरोध यह दर्शाता है कि कि वहां मस्जिद का ढांचा मौजूद है और उसका कब्जा प्रबंधन समिति के पास है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार से वक्फ संपत्ति पर प्रश्न/विवाद खड़ा किया गया है और इसलिए यहां वक्फ अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। तदनुसार इस मामले में सुनवाई का अधिकार वक्फ अधिकरण के पास है, न कि दीवानी अदालत के पास। वहीं दूसरी ओर हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने इन दलीलों का यह कहते हुए विरोध किया था कि यहां जो भी दलील दी जा रही है, वह पहले कई बार दी जा चुकी है और इसमें कुछ नया नहीं है, बल्कि अदालत के समय की बर्बादी है।



वाराणसी के अस्सी घाट में शनिवार को होने वाले मतदान की पूर्व संध्या पर गंगा आरती के समय जुटने वाली भीड़ को मताधिकार के प्रति जागरुक करने के लिए रंगोली बनाई गई। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत आज मतदान होना है। यह सीट देश की सबसे चर्चित सीटों में से एक है, क्यों कि यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के उम्मीदवार हैं। :एजेंसी

डूंगरपुर मामले में आजम खां को सजा नाइंसाफी : डॉ. तजीन

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने कहा कि हम आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा नाइंसाफी की चरम सीमा है। जिला कारागार रामपुर से जमानत पर छूटने के बाद पूर्व सांसद ने शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि सभी मुकदमे फर्जी लिखवाए गए हैं। डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माना के जवाब में कहा कि गुरुवार को आजम खां को सजा हुई है, वह नाइंसाफी की चरम सीमा है। डूंगरपुर मामले में उनका कहीं नाम नहीं है। झूठे गवाहों के आधार पर उन्हें सजा दे दी गई।

प्रोन्नति न देने पर पुलिस विभाग से जवाब-तलब

हेड कांस्टेबल ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस की प्रोन्नति का मामला

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट में 8 सप्ताह के भीतर दाखिल करना है जवाब

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दारोगा पद पर पदोन्नत न करने के संबंध में पुलिस विभाग से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने पूछा कि याचियों को अभी तक उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नत क्यों नहीं किया गया जबकि याचियों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं।

उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीआईजी स्थापना/कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक्स, उत्तर प्रदेश से 8 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मालूम हो कि इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, समेत कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवर व मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उप-निरीक्षक ड्राइवर व उप-निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति की मांग की है।

हाई कोर्ट ने दुष्कर्म आरोपी की सजा की कम

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा को संशोधित करते हुए उसे 14 साल के सश्रम कारावास में बदल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने गौरव यादव उर्फ फड़का की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि दोषी ने पहली बार अपराध किया है और उसके सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। याची को वर्ष 2017 में विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी अधिनियम, आगरा द्वारा दोषी पाया गया था और उक्त अधिनियम की धारा 376 सहपठित धारा 3(2)(वी) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जिसे चुनौती देते हुए याची ने वर्तमान अपील दाखिल की। अभियुक्त के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों का सावधानीपूर्वक अवलोकन नहीं किया है। पीड़िता का खुद वापस आना, अपनी मां को बिना जगाए उनके बगल में सो जाना बहुत ही अस्वाभाविक है, साथ ही रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है, जिससे पता चले कि पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था। हालांकि कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की गवाही और तर्कों को सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि अभियुक्त की मां सब्जी बेचने वाली बेहद गरीब महिला है तथा अपीलकर्ता अपने परिवार का अकेला कमाने वाला सदस्य है। ऐसे में उसे सुधार का एक अवसर देना उचित है।

मेरठ : मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में लगी आग, मचा हड़कंप

मेरठ, एजेंसी

जिले के लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में शुक्रवार सुबह आग लग गई जिससे एक करोड़ रुपये मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय ऑपरेशन थिएटर में मरीज या चिकित्सक मौजूद नहीं थे। सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंच गई और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार राय ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल की दूसरी मंजिल के ऑपरेशन थिएटर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग की छह गाड़ियों तत्काल मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे से आठ बजे के बीच महिला रोग विभाग के ऑपरेशन थिएटर में लगे एसी में चिंगारी उठने के कारण आग लगी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सामान का नुकसान हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि हादसे की जांच के लिए उन्होंने एक कमेटी गठित की है। प्राचार्य ने कहा कि जांच में यदि कोई मेडिकल कर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने बुझाई आग

अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित ऑपरेशन थिएटर से निकलती आग की लपटें। :एजेंसी

बरेली के 3 लाख बैंक खातों में लावारिस पड़े हैं 430 करोड़

भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, लंबे समय से खातों में नहीं हुआ कोई लेनदेन

शिवांग पांडेय, बरेली

अमृत विचार : जिले के करीब तीन लाख लावारिस बैंक खातों में 430 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है। इन खातों में काफी वक्त से कोई लेनदेन नहीं हुआ। न ही 10 वर्षों से ज्यादा समय से इनमें मौजूद पैसे पर किसी खाताधारक ने दावा किया है, न उसके किसी कानूनी उत्तराधिकारी ने। इनमें करीब 27 हजार बैंक खाते 2023-24 में ही चिह्नित किए गए हैं जिनमें 45 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है।

बरेली जिले के ये आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में दिए गए हैं जो गुरुवार को ही जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन खातों में 430 करोड़ की धनराशि लावारिस पड़ी हुई है, वे सार्वजनिक क्षेत्र. निजी और सहकारी तीनों श्रेणी की बैंक शाखाओं में हैं। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक हर साल ऐसे खातों को चिह्नित कर रिपोर्ट जारी करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने के बाद ताजा रिपोर्ट जारी की गई है। इस साल में लावारिस खातों में 26,751 का नया आंकड़ा और 45 करोड़ की धनराशि जुड़ी है।

बैंक अधिकारियों के मुताबिक किसी भी बैंक खाते में 10 साल से ज्यादा वक्त से कोई लेनदेन न होने पर माना जाता है कि ग्राहक खाता खुलवाने के बाद उसमें जमा धनराशि को भूल गया या उसकी मृत्यु हो गई और अब उन खातों में मौजूद धनराशि का कोई लेनदार नहीं है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि आरबीआई के नियमों के मुताबिक दस साल तक खातों के निष्क्रिय रहने के बाद उसमें जमा धनराशि आरबीआई के डेफ यानी डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। इसके बाद यह पैसा चैरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

▸▸ खाते में जमा धनराशि के लिए किसी ने नहीं किया दावा

▸▸ निष्क्रिय खातों में जमा धनराशि आरबीआई को की जाती है स्थानांतरित

सर्वाधिक लावारिस पैसा एफडी और आरडी खातों में

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा लावारिस पैसा फिक्स डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी खातों में हैं। हालांकि इस बात का आंकलन नहीं किया गया है कि लावारिस पड़े कुल 430 करोड़ में से इन खातों में कितनी धनराशि है। उन्होंने बताया कि अगर दस साल के बाद भी कोई लावारिस घोषित कर डेफ खाते में स्थानांतरित की गई धनराशि पर दावा करता है तो बैंक उसका पैसा अदा करते हैं, हालांकि इसके लिए अलग प्रक्रिया होती है।

भदोही में अंधाधुंध गोलीबारी में एक की हत्या

भदोही : जिले के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने बाइक सवार तीन लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि घटना ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर शुक्लपुर गांव में गुरुवार देर रात उस समय हुई, जब एक बाइक पर सवार होकर शेषधर शुक्ल (48), राकेश शुक्ल (35) और अवनीश शुक्ल (20) अपने घर लौट रहे थे कि तभी हथियारों से लैस हमलावरों ने तीनों पर ताबड़तोड़ गोली बरसा दी। उन्होंने बताया कि घटना में शेषधर शुक्ल की मौके पर मौत हो गयी जबकि अन्य दोनों घायल हो गये। बताया कि घटना के संबंध में पंकज शुक्ल समेत कुल सात लोगों को हिरासत में ले लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए पूरे गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई।

गंगा में डूबने से पांच लोगों की मौत, दो लापता

बलिया, एजेंसी

जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया घाट के पास गंगा नदी में शुक्रवार दोपहर में नहाने के लिए उतरे पांच किशोरों में से तीन की डूबने से मौत हो गई जबकि दो लापता हैं। वहीं दूसरी ओर बदायूं व एटा जिले में भी गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक-एक युवक की मौत हो गई।

बलिया पुलिस ने बताया कि तीन किशोरों का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि लापता दो अन्य किशोरों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, हल्दी थाना क्षेत्र के पचरूखिया घाट (हुकुमछपरा काली मंदिर) पर गंगा नदी में निर्मल चोपड़ा (14), सिंटू राम (15),शनि कुमार (14),रवि कुमार (14) और अभिषेक (13 वर्ष) स्नान कर रहे थे, लेकिन आचानक वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद उस्मान ने बताया कि सिंटू, शनि और रवि का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य लापता किशोरों की तलाश की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर बदायूं जिले के थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर निवासी कुंवरपाल शुक्रवार दोपहर अपने परिजन और ग्रामीणों के साथ गंगा को धोती पहनान के लिए उसहैत क्षेत्र के भकरी घाट पर गए थे। कुछ श्रद्धालु गंगा मैया की पूजा में व्यस्त हो गए। तभी गांव निवासी रघुवर दयाल, गजेंद्र पुत्र श्रीपाल अर्जुन पुत्र रक्षपाल, कुसुम लता पत्नी सत्यपाल, कुंवरपाल पुत्र धनपाल, उनकी पत्नी सुनीता, बेटा महेश (20) स्नान करने के लिए गंगा नदी उतर गए। नदी में पानी का बहाव तेज होने के चलते वह सभी बहने लगे। घाट पर मौजूद गोताखोर और कुछ ग्रामीण तैराकों ने गंगा में कूदकर कुसुमलता समेत छह लोगों को बाहर निकाल लिया। जबकि महेश लापता हो गए। तकरीबन दो घंटे की मशक्कत के बाद गंगा से महेश का शव निकाला गया।

उधर, एटा जिले के थाना निधौली कला के गांव अहीरमई निवासी धीरज यादव पुत्र श्रीनिवास, अपने दोस्त अनिल, कुलदीप, संदीप के साथ कछला गंगा नदी पर स्नान के लिए आए थे। जब सभी साथी गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी धीरज गहरे पानी में डूब गया। जब साथियों उसे डूबते देखे तो बचाव के लिए चीख पुकार की। जब तक ग्रामीण गोताखोर युवक को बचाने के लिए गंगा में उतरे तब तक वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया था। चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को शव की तलाश के लिए लगाया। लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद गोताखोरों को युवक का शव मिला।

▸▸ बलिया, बदायूं व एटा में नहाने के दौरान हुई घटनाएं

▸▸ बलिया में तीन के निकाल गए शव, अन्य की तलाश जारी

वर्ग पहेली-87

बाएं से दाएं

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

ऊपर से नीचे

1. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



वर्ग पहेली -86 का हल

		1 अ	नि	य	मि	2 त
3 आ	जा	नु				र
		बो		4 ता		फ़
5 सं	बं	ध	यो	ज	क	
व		क		दा		
ह				6 र	7 का	बी
न		8 छाँ	द		ठा	

सुडोकू-166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1								
				3				
7								
		2		8				
						4		
		9						
					3			
								1
	5							

सुडोकू -165 का हल

1	6	5	7	8	2	3	9	4
2	7	8	9	3	4	5	1	6
3	4	9	5	1	6	7	8	2
6	8	7	4	9	3	1	2	5
5	9	3	6	2	1	8	4	7
4	2	1	8	5	7	9	6	3
9	5	2	3	6	8	4	7	1
8	1	4	2	7	5	6	3	9
7	3	6	1	4	9	2	5	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07 .24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05 .04 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03 .16 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

वृष — आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

मिथुन — आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

कर्क — आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

सिंह — आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

कन्या — आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

तुला — आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

वृश्चिक — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

धनु — आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है,लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

कुंभ — आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

मीन — आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा सुबह : 10 .00
खेल शाम : 05 .40

SONY MAX
सैटेलाइट शंकर सुबह : 10 .10
भूल भूलैया 2 शाम : 06 .15

SONY PIX
द रैड 2 सुबह : 12 .34
65 रात : 09 .00

ZEE CINEMA
थैंक गॉड सुबह : 10 .44
सूर्यवंशी रात : 08 .00

colors CINEPLEX
कल हो न हो दोपहर : 02 .02
चैन्नई एक्सप्रेस रात : 09 .21

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4.79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96.8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

100 करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

अमृत विचार । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस

- पाटिलपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा

- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद

- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी

- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

अमृत विचार। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।

- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

- सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

6.2 प्रतिशत रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई। दूसरी ओर देश के सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वर्ष सुधरकर जीडीपी के 5.63% पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है।

वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी: मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया। मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आसानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है।

रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर 88.70 लाख का जुर्माना लगाया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान बैंक के खिलाफ आरोप पाए गए।

टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ का जुर्माना लगाया है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	94,650
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,200
गिन्नी (प्रति नग)	55,300-55,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,900
सोना जेवरात गिन्नी	71,900
चांदी पक्की	890 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	91,000।

विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

मुंबई। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय

देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा- इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

31 मई तक घटकर रही गई है 30 प्रतिशत क्षमता

सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

इंफाल। चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

एक नजर

अदालत ने की नीरव माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

मुंबई। महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया,"व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

ईडी को 7 जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में 7 जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा- यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी।

विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों- अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला

किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

दिल्ली सरकार ने अधिक पानी आपूर्ति की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि उसको पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

फाइल फोटो

अभ्यास मैच: वेस्टइंडीज ने 35 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन। निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका

न्यूयॉर्क। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

हमें हालात को समझना होगा : रोहित

न्यूयॉर्क। नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे। रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

काठमांडू। नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

ग्रुप ए
- भारत
- पाकिस्तान
- आयरलैंड
- कनाडा
- यूएसए

ग्रुप बी
- इंग्लैंड
- ऑस्ट्रेलिया
- नामीबिया
- स्कॉटलैंड
- ओमान

ग्रुप सी
- न्यूजीलैंड
- वेस्टइंडीज
- अफगानिस्तान
- युगांडा
- पापुआ न्यू गिनी

ग्रुप डी
- दक्षिण अफ्रीका
- श्रीलंका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- नेपाल

टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

दिनांक	मुकाबले	शहर
1 जून	यूएसए बनाम कनाडा	डलास
2 जून	वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी	गुयाना
	नामीबिया बनाम ओमान	बारबाडोस
3 जून	श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	अफगानिस्तान बनाम युगांडा	गुयाना
4 जून	इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
	नीदरलैंड बनाम नेपाल	डलास
5 जून	**भारत बनाम आयरलैंड**	**न्यूयॉर्क**
	पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा	गुयाना
	ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान	बारबाडोस
6 जून	यूएसए बनाम पाकिस्तान	डलास
	नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
7 जून	कनाडा बनाम आयरलैंड	न्यूयॉर्क
	न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान	गुयाना
	श्रीलंका बनाम बांग्लादेश	डलास
8 जून	नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड	बारबाडोस
	वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा	गुयाना
9 जून	**भारत बनाम पाकिस्तान**	**न्यूयॉर्क**
	ओमान बनाम स्कॉटलैंड	एंटीगुआ
10 जून	दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश	न्यूयॉर्क
11 जून	पाकिस्तान बनाम कनाडा	न्यूयॉर्क
	श्रीलंका बनाम नेपाल	फ्लोरिडा
	ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया	एंटीगुआ
12 जून	**यूएसए बनाम भारत**	**न्यूयॉर्क**
	वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूजीलैंड	त्रिनिदाद
13 जून	इंग्लैंड बनाम ओमान	एंटीगुआ
	बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड	सेंट विंसेंट
	अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
14 जून	यूएसए बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा	त्रिनिदाद
15 जून	**भारत बनाम कनाडा**	**फ्लोरिडा**
	नामीबिया बनाम इंग्लैंड	एंटीगुआ
	ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड	सेंट लूसिया
16 जून	पाकिस्तान बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	बांग्लादेश बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	श्रीलंका बनाम नीदरलैंड	सेंट लूसिया
17 जून	न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
	वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान	सेंट लूसिया
19 जून	ए2 बनाम डी1	एंटीगुआ
	बी1 बनाम सी2	सेंट लूसिया
20 जून	सी1 बनाम ए1	बारबाडोस
	बी2 बनाम डी2	एंटीगुआ
21 जून	बी1 बनाम डी1	सेंट लूसिया
	ए2 बनाम सी2	बारबाडोस
22 जून	ए1 बनाम डी2	एंटीगुआ
	सी1 बनाम बी2	सेंट विंसेंट
23 जून	ए2 बनाम बी1	बारबाडोस
	सी2 बनाम डी1	एंटीगुआ
24 जून	बी2 बनाम ए1	सेंट लूसिया
	सी1 बनाम डी2	सेंट विंसेंट
26 जून	**सेमीफाइनल-1**	गुयाना
27 जून	**सेमीफाइनल-2**	त्रिनिदाद
29 जून	**फाइनल**	**बारबाडोस**

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया

ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

पेरिस, एजेंसी

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।

आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।

यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

खेल डायरी

नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)। मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

गांधीनगर। अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

सेमीफाइनल में पहुंचीं त्रिशा-गायत्री

सिंगापुर ओपन

कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारीं अंकुशिता

बैंकॉक। अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने मोल्दोवा के सेबोटारी को हराया
- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले ही कर चुकीं हैं टिकट पक्का

बैंकॉक, एजेंसी

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा

- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।

कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी

वाशिंगटन। भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

ठगों के निशाने पर तो नहीं आपकी यात्रा...

इस समय घूमने का मौसम चल रहा है और लोग योजना बनाने में लगे हैं लेकिन कुछ सावधानी बरतें नहीं तो आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। साइबर ठग आजकल कई तरह प्रलोभन देकर पहले आपकी सफल और सुरक्षित यात्रा का दावा करते हैं और फिर आपके बैंक खाते पर डाका डाल लेते हैं। यात्रा, होटल, वाहन आदि के टिकट ऑनलाइन बुक करने से पहले जांच लें, आप घूम तो पाएंगे नहीं बल्कि मजा और किरकिरा हो जाएगा। कुछ लोगों को तो मौके पर पहुंचने के बाद अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है। इससे बचने के लिए आइये जानते है क्या करें और अपने घूमने की योजना को कैसे सुखद बनाए....

ठगों के पास हैं कई तरीके

- **फेक टिकटिंग वेबसाइट्स** : अपराधी नकली टिकटिंग वेबसाइट्स बनाते हैं। यात्री जब इन वेबसाइट्स से टिकट खरीदते हैं तो वे अक्सर नकली टिकट प्राप्त करते हैं या पूरी कीमत देने के बाद उनको टिकट नहीं मिलते हैं।
- **फिशिंग अटैक** : फिशिंग ईमेल या मैसेज से, अपराधी नकली बुकिंग साइट्स के लिंक्स भेज सकते हैं। यात्री जब इन पर क्लिक करते हैं, तो नकली वेबसाइट्स पर चले जाते हैं जहां उनकी व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती है।
- **डीप डिस्काउंट ऑफर्स** : अपराधी नकली वेबसाइट्स या एप के माध्यम से डीप डिस्काउंट ऑफर्स का दावा करते हैं। यात्री जब इनका लाभ उठाते हैं, तो उन्हें नकली टिकट मिलते है और पैसा अपराधियों के पास ही जाता है।

जरूरी हैं यह सावधानी

- बुकिंग के लिए हमेशा विश्वसनीय और आधिकारिक वेबसाइटों का ही उपयोग करें। बुकिंग साइट की यूआरएल में https :// और लॉक आइकन देखें, जो सुरक्षित कनेक्शन को दर्शाता है।
- बुकिंग से पहले वेबसाइट या सेवा की रिव्यू और रेटिंग की जांच करें और विश्वसनीय स्रोतों पर ध्यान दें। सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर लोगों के अनुभव पढ़ें।
- हमेशा सुरक्षित और ट्रैक योग्य भुगतान विधियों का उपयोग करें। नकद भुगतान, बैंक ट्रांसफर या अन्य विधियों से बचें।
- अनजान ईमेल या मैसेज की बजाय वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करें और बुकिंग करें। अनधिकृत ऑफर और डिस्काउंट से सतर्क रहें।
- अगर कोई ऑफर या डिस्काउंट ज्यादा आकर्षक लगता है तो उसकी जांच करें।
- कंप्यूटर और मोबाइल फोन में हमेशा सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर इंस्टॉल रखें और इसे नियमित अपडेट करते रहें।
- अपनी यात्रा की योजनाओं और बुकिंग की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें। इससे आपकी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी।
- बुकिंग के बाद इसकी पुष्टि और भुगतान रसीद की जांच करें। यदि आपको संदेह है तो सीधे सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

एक नजर

मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

मिनियापोलिस (अमेरिका)। अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

ब्रातीस्लावा। स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

हूती विद्रोहियों के 13 ठिकानों पर अमेरिका, ब्रिटेन का हमला

वाशिंगटन। लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों के मुताबिक अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।

- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

बर्लिन। जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

सैन फ्रांसिस्को के लिए एयर इंडिया के विमान ने 30 घंटे बाद भरी उड़ान

नई दिल्ली। सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया के विमान के 200 से अधिक यात्रियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर परेशानी हुई। तकनीकी खराबी, वातानुकूलन के काम न करने और पेलोड संबंधी समस्याओं के कारण उड़ान ने 30 घंटे से अधिक समय की देरी के बाद उड़ान भरी।

सूत्रों के अनुसार गुरुवार शाम में कई बार विमान के समय में बदलाव किया गया, जिससे बुजुर्ग और बच्चे सहित सभी यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। रात 9:55 बजे विमान संख्या एआई 1183 ने उड़ान भरी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे, लेकिन इनमें से 21 यात्री शुक्रवार रात को विमान से उतर गए थे। चूंकि सैन फ्रांसिस्को में रात में विमान उतारने पर प्रतिबंध है, इसलिए एयर इंडिया के अधिकारियों ने वहां विमान उतारने के लिए आवश्यक अनुमति ली है। विमान को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने में 16 घंटे का समय लगेगा और जब तक यह अमेरिकी में उतरेगा तब तक वहां रात होगी। सैन फ्रांसिस्को जाने वाले विमान को गुरुवार दोपहर बाद 3:30 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन इसे 6 घंटे की देरी के बाद शुक्रवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया।

पुणे कार दुर्घटना

नाबालिग से पूछताछ की पुलिस को किशोर बोर्ड ने दी अनुमति

पुणे, एजेंसी

किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने पुलिस को पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग से पूछताछ करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी।

पुलिस ने जेजेबी को पत्र लिखकर 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि जेजे बोर्ड के समक्ष सुनवाई हुई और उसने हमारी याचिका स्वीकार कर ली। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त पोर्श कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

किशोर न्याय बोर्ड ने दुर्घटना के कुछ घंटों बाद रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल के बेटे एवं इस मामले के आरोपी किशोर को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा था। आलोचना के बाद पुलिस ने बोर्ड में पुनरीक्षण याचिका दायर की जिस पर बोर्ड ने आदेश में संशोधन करते हुए आरोपी को पांच जून तक सुधार गृह में भेज दिया था।

बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई। पुणे की अदालत ने नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। वहीं पुणे पुलिस ने कथित तौर पर रक्त के नमूनों की अदला-बदली किए जाने के मामले में किशोर के पिता की हिरासत के लिए आवेदन दाखिल किया है। नाबालिग का पिता ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों के साथ रक्त नमूनों की अदला-बदली के मामले में आरोपी है। अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने नाबालिग के पिता को यरवदा केंद्रीय कारागार से पेशी वारंट पर हिरासत में लेने का आवेदन किया है, जहां उसे आज न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद रखा गया है।

ट्रंप के दोषी ठहराए जाने पर बाईडेन टीम ने कहा- कोई कानून से ऊपर नहीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक मुकदमे में व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी के सभी मामलों में दोषी ठहराया गया है। ट्रंप को दोषी ठहराए जाने के बाद राष्ट्रपति जो बाईडेन की टीम ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। यह पहला मौका है कि किसी पूर्व राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।

कानूनी विशेषज्ञों ने बताया कि 10 मामलों में जुर्माना होना संभावित है। अदालती घटनाक्रम के बाद ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयर 6 फीसदी से अधिक गिरकर 48.66 डॉलर प्रति शेयर पर आ गए। अदालत ने छह सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल भी हैं, जो ट्रंप के साथ यौन संबंध पर इस मामले के केंद्र में थी।

- अमेरिका में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को अपराधिक मुकदमें में ठहराया गया दोषी

ट्रंप ने मुकदमे को धांधलीपूर्ण बताया

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आपराधिक मुकदमे में न्यायाधीश पर हमला करते हुए और न्यूयॉर्क की आपराधिक न्याय प्रणाली की आलोचना करते हुए शुक्रवार को दोषसिद्धि को अपने व्हाइट हाउस पहुंचने के प्रयास में बाधा नहीं, बल्कि ईंधन के रूप में पेश करने का प्रयास किया। मैनहट्टन में ट्रंप ने कोर्ट के फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया और आरोपों को कमतर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह हश मनी नहीं है। गोपनीय समझौता था, ये कानूनी और सामान्य है। उनके साथ बेटे एरिक और पुत्रवधू लारा थीं लेकिन उनकी पत्नी मेलानिया नहीं थीं जो फैसला आने के बाद से कुछ नहीं बोलीं।

दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का जीता खिताब

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी में विजयी हुए और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार जीते। इस बार प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर फैजान जकी को हराया। फैजान लाइटनिंग राउंड में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाए। बृहत का चैंपियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरने के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे। आयोजकों ने कहा कि बृहत की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है।

- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद पुरस्कार जीते

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज जाएंगे चीन

इस्लामाबाद/बीजिंग। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक खाका तैयार किया जाएगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर 4 से 8 जून तक चीन में रहेंगे। इसका उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं।

50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।



- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यवारणविद् चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

मुंबई। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।